

हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार, 29 जनवरी, 2024



# आज से दिखेगा हॉकी का रोमांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महंत राजा सर्वेश्वर दास अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता के 80वें संस्करण की आज से शुरूआत होने जा रही है। देशभर में ख्याति प्राप्त इस प्रतियोगिता में पहले दिन दो मैच खेले जाएंगे। दोपहर तीन बजे अतिथियों की मौजूदगी में उद्घाटन किया जाएगा।

इधर प्रतियोगिता शुरू होने से पहले मैदान में तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। एस्ट्रोटर्फ मैदान को भी दिल्ली से आई सफाई मशीन द्वारा सफाई कर ली गई है। वहीं टीमों के आवास व परिवहन व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में दोपहर 3 बजे से होगा। इसमें मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडेय, गीता घासी साहू, हेमा देशमुख, विधायक दलेश्वर साहू, भोलाराम साहू, हर्षिता स्वामी बघेल शामिल होंगी। इनके अलावा विक्रांत सिंह, प्रतिक्षा सूर्यकांत भंडारी, रामजी भारती, सरोजनी बंजारे, भरत वर्मा, सचिन बघेल, नीलू शर्मा, रविन्द्र वैष्णव एवं रोहित चंद्रकार के आतिथ्य में आयोजित होने जा रहा है।



- प्रतियोगिता इस बार नॉक आउट कम लीग आधार पर खेली जाएगी। स्पर्धा में पहले तीन दिन नॉक आउट मैच खेले जाएंगे व दूसरे राउंड में 4 पूल बनाकर देश के 12 टीमों के बीच लीग मैच होंगे और सभी पूल की प्रथम टीमों के मध्य सेमीफाइनल मैच खेले जाएंगे।
- प्रतियोगिता के तहत कल 29 जनवरी को पहला मैच दोपहर 1.30 बजे से हॉकी गंगपुर उड़ीसा विरूद्ध जीएसटी चेन्नई एवं उद्घाटन मैच दोपहर 3 बजे मेजबान हॉकी राजनांदगांव विरूद्ध स्पोटर्स हॉस्टल सैफई इटावा के मध्य खेला जाएगा। आयोजन समिति ने समस्त खेलप्रेमी जनता से आग्रह किया है कि वे अपनी उपस्थिति से हॉकी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन बढ़ाएं।

## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर-ट्राली में रखा 30 कट्टा धान चोरी

**राजनांदगांव।** घर से लगा हुआ पोर्च में रखे ट्रैक्टर-ट्राली से अज्ञात चोरों ने 30 कट्टा धान चोरी कर लिया। एक अन्य घटना में घर के आंगन से बाइक चोरी हो गई। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है। घुमका थाना क्षेत्र के कुंवारझोरकी निवासी प्रार्थी महेश कुमार वर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि उसके घर के पोर्च में ट्रैक्टर-ट्राली में 60 कट्टा धान रखा हुआ था। जिसमें से 30 कट्टा धान अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इधर बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत तेलीपारा के एक घर के आंगन में हीरो होंडा बाइक रखी हुई थी, जिसे विगत रात अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट प्रार्थी लक्की साहू ने दर्ज कराई है।

## माय एंगल




बरडिया ज्वेलर्स प्रा.लि.
राजनांदगाव
☎07744-407161
विशिष्ट हीरा आभूषण
पार्किंग सुविधा उपलब्ध है

### उठाव की सुस्त रफ्तार अब भी चिंता का विषय, कई केंद्रों में जाम के हालात

# 2.21 लाख किसानों ने बेचा 123 लाख क्विंटल धान, 22 हजार किसानों के पास तीन दिन शेष

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

तीन महीने पहले एक नवंबर से शुरू हुई सरकारी धान खरीदी अब अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच गई है। अगले तीन दिन बाद किसानों से खरीदी का सिलसिला थम जाएगा। अब तक की प्रक्रिया में अविभाजित राजनांदगांव जिले के 2.21 लाख किसानों ने अपनी फसल बेच ली है। जबकि शेष 22 हजार किसानों के पास अब महज तीन दिन ही बच गए हैं। हालांकि इनमें से 60 फीसदी किसानों ने धान बेचने के लिए टोकन ले लिया है।

उल्लेखनीय है कि धान खरीदी के मामले में प्रदेश के टॉप जिलों में राजनांदगांव शामिल रहा है। इस बार भी जिले में रिकार्ड किसानों ने अपनी फसल सरकार को बेची है। अगले तीन दिन में भी खरीदी की रफ्तार बरकरार रहने की बातें कही जा रही है। हालांकि इस बार भी पूरी खरीदी प्रक्रिया के दौरान उठाव की सुस्त रफ्तार ही चिंता का विषय बनी रही। दो दफा खरीदी में ब्रेक भी सुस्त परिवहन के कारण ही लगा था। अब जब खरीदी की प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच गई है, अभी भी अविभाजित जिले में 50 लाख क्विंटल धान उठाव के लिए शेष है। जबकि प्रदेश सरकार ने साफ कर दिया था कि 15 फरवरी से पहले तक सभी जिलों से शत-प्रतिशत उठाव सुनिश्चित कराने कहा गया है।

## 31 जनवरी तक चलेगी सरकारी धान खरीदी



### अब तक इतनी खरीदी

अविभाजित जिले में सबसे अधिक किसान राजनांदगांव जिले के शामिल हैं। यहां के 116894 किसानों ने 67.22 लाख क्विंटल धान अब तक बेच दिया है। यहां कुल पंजीकृत किसानों की संख्या 128080 है। जबकि अब 7784 किसान शेष हैं। वहीं खैरागढ़ के 62692 किसानों ने 36.23 लाख क्विंटल धान बेचा। यहां पर 71090 पंजीकृत किसान हैं। मोहला-मानपुर के 37874 किसानों ने 20.02 लाख क्विंटल धान बेच दिया है। यहां पर 43009 किसान पंजीकृत हैं।

### खरीदी का बना रिकार्ड


धान खरीदी को लेकर अविभाजित राजनांदगांव जिले में एक बार फिर नया कीर्तिमान बन गया है। अविभाजित राजनांदगांव जिले में पहली बार 2.21 लाख से अधिक किसानों ने अपनी फसल समर्थन मूल्य पर सरकार को बेची है। इतना ही नहीं खरीदी की मात्रा ने भी पुराने रिकार्ड को ध्वस्त कर दिया है। इस बार अब तक 12.3 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। जबकि इससे पहले तक 99.54 लाख टन खरीदी का रिकार्ड था। किसानों को धान के बदले सरकार से लगभग पौने चार हजार करोड़ रुपए का भुगतान किया जाएगा।

### कर्ज वसूली भी जारी

खेती के लिए बैंक से कर्ज लेने वाले किसानों से खरीदी के बाद ही लिंकिंग के जरिये कर्ज वसूली की प्रक्रिया भी जारी है। मिली जानकारी के अनुसार अविभाजित राजनांदगांव जिले में इस साल एक लाख 78 हजार 880 किसानों ने बैंक से खेती करने के लिए कर्ज लिया है। इनमें सर्वाधिक 96775 किसान राजनांदगांव जिले के हैं, जिन्होंने 385 करोड़ का नगद और 87 करोड़ का वस्तु कर्ज लिया है। इनसे 432 करोड़ रुपए की वसूली हो चुकी है। ऐसे ही मोहला-मानपुर जिले में 36531 किसानों ने कुल 126 करोड़ रुपए कर्ज लिया है। 115 करोड़ वसूली हो चुके हैं। खैरागढ़ जिले के 45574 किसानों ने बैंक से वस्तु और नगद मिलाकर कुल 330 करोड़ रुपए का कर्ज लिया है। 288 करोड़ रुपए की वसूली हो चुकी है।

## फिर बदला मौसम

# सामान्य से 6 डिग्री ऊपर दिन का पारा, रात का भी 3 डिग्री चढ़ेगा तापमान!



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मौसम ने फिर से करवट बदल ली है। करीब सप्ताहभर तक रही ठिठुरनभरी ठंड अब वापस लौटने लगी है। दिन में भी तापमान चढ़ने का दौर लगातार जारी है। रविवार को अंचल में अधिकतम तापमान 29 डिग्री पर रहा, जो कि सामान्य से 6 डिग्री अधिक है।

वहीं न्यूनतम पारा 12 डिग्री पर बना हुआ है। न्यूनतम पारा में अगले तीन दिनों के भीतर 3 से 4 डिग्री तक का इजाफा होने की संभावना बनी हुई है। ऐसे में कहा जा सकता है कि अब लोगों को अगले कुछ दिनों के लिए ठंड से राहत मिल गई है।

### बाकी शहरों से नांदगांव गर्म

प्रदेश के बाकी शहरों से राजनांदगांव जिला गर्म बना हुआ है। रविवार को मौसम विभाग की तरफ से जारी आंकड़ों के अनुसार राजनांदगांव का अधिकतम तापमान 29 डिग्री पर रहा। रायपुर का 28.6, दुर्ग का 28.2, बिलासपुर का 28.2, अंबिकापुर में 26.7 डिग्री पर रहा। दिनभर चलने वाली ठंडी हवाओं के दौर में भी कमी आई है। जिसके चलते ठंड का असर भी अब अंचल में कम हो गया है।

# वाहन की ठोकर से बाइक सवार महिला पुल के नीचे गिरी, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नेशनल हाईवे में बाइक में सवार होकर आ रहे बाइक सवार दंपत्ति को अज्ञात वाहन ने जोरदार ठोकर मार दिया। ठोकर इतनी जबर्दस्त थी कि महिला उछलकर पुल के नीचे नदी में जा गिरी। जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं अधेड व्यक्ति गंभीर रूप से घायल बताया गया है।




पुलिस सूत्रों के अनुसार तुमडीबोड पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत एक बाइक में सवार होकर अमर सेन 53 वर्ष एवं उसकी पत्नी धीरज सेन 50 वर्ष ग्राम रीवागहन सुबह करीबन साढ़े सात बजे डोंगरगढ़ जाने के लिए निकले थे और दोपहर बाद डोंगरगढ की ओर से अपने ग्राम रीवागहन की ओर आ रहे थे। वे भानपुरी पुल के पास पहुंचे ही थे कि एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार ठोकर मार दिया। बताया जाता है कि ठोकर इतनी जबर्दस्त थी कि बाइक में पीछे बैठी महिला उछलकर पुल के नीचे नदी में जा गिरी। जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं बाइक सवार व्यक्ति को गंभीर चोंट आई है, जिसे उपचार हेतु पेंड्री मेडिकल कॉलेज भिजवाया गया है। अपरान्ह लगभग 4 बजे हुए इस घटना की सूचना मिलने पर पुलिस बाइक मामले की जांच पडताल और कार्रवाई को जांच में लिया है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि बाइक सवार राजनांदगांव की ओर आ रहे थे। बाइक सवार रॉग साईड में थे। जिसके चलते उक्त गंभीर दुर्घटना घटी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

विधानसभा अध्यक्ष से शिकायत, कार्रवाई की मांग

# डीईआईएए ने नहीं दी अनुमति फिर भी गौण खनिज खदानों में अवैध उत्खनन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा डीईआईएए की स्वीकृति के बगैर गौण खनिज खदानों में उत्खनन पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद भी व्यापक पैमाने पर अवैध उत्खनन किया जा रहा है। यही नहीं रायल्टी चोरी की भी शिकायतें सामने आ रही है। खदान क्षेत्र की कुछ ग्राम पंचायतों द्वारा इस मामले की शिकायत खनिज विभाग से भी की गई है, लेकिन आज पर्यन्त तक कोई कार्रवाई नहीं किए जाने के बाद ग्रामीणों ने अब प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह से मुलाकात कर खदानों में अवैध उत्खनन पर रोक लगाने की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि अविभाजित राजनांदगांव जिले में संचालित चूना पत्थर की खदानों को सन 2016 में जिला स्तरीय समिति से तीन साल के लिए पर्यावरण अनुमति मिली थी। सन 2020 में कोरोना महामारी के कारण इस अनुमति को एक साल के लिए बढ़ाया गया था। इसके बाद शासन ने पर्यावरण अनुमति के लिए गठित जिला स्तरीय समिति को भंग करते इसे राज्य समिति के जिम्मे दे दिया था। खदान मालिकों से कहा गया था कि वे राज्य स्तरीय समिति की अनुमति के बाद ही उत्खनन करें। एनजीटी के आदेश क्रमांक 36/ 2023 दिनांक 6 नवंबर 2023 के अनुसार राज्य में वही चूना पत्थर खदान संचालित की जा सकती है, जिसे राज्य समिति से पर्यावरण स्वीकृति हासिल है। सूत्रों ने बताया कि जिले के अधिकांश चूना पत्थर खदानों को आज पर्यन्त तक पर्यावरण स्वीकृति नहीं मिली है। पर्यावरण संरक्षण मंडल ने एनजीटी के आदेश के परिपालन में 30 नवंबर 2023 को एक पत्र जारी कर डीईआईएएस से अनुमति बगैर खदानों के संचालन पर प्रतिबंध लगा दिया है, लेकिन जिले में इस आदेश का पालन नहीं किया जा रहा है और सभी खदानों में व्यापक पैमाने पर अवैध उत्खनन का खेल चल रहा है।



### खदानों में ब्लास्टिंग

पर्यावरण की अनुमति बगैर ही खदानों में लगातार ब्लास्टिंग की जा रही है। ठेलकाडीह क्षेत्र के ग्रामीणों ने इस आशय की शिकायत भी प्रशासन से की है। खदानों में साई मिनरल्स और स्टार एक्स मिनरल्स द्वारा ब्लास्टिंग की जा रही है। इधर बिना अनुमति सरकारी जमीन में भी उत्खनन की शिकायतें सामने आई है।

### इन्हें मिली अनुमति

राजनांदगांव तहसील के ठेलकाडीह क्षेत्र के केवल चार खदानों को राज्य समिति ने स्वीकृति दी है। जिसमें गिरधारी तलरेजा, मनिंदर सिंह गरचा, नवकार स्टोन और हितेंद्र बग्गा को अनुमति मिली है। वहीं खैरागढ़ जिले में पदमा स्टोन, बीबीसी, अनंत मिनरल्स, बोल बम मिनरल्स एवं जोगेश्वर स्टोन माईन को अनुमति मिली है।

# कोचियों के खिलाफ अभियान तेज दो मामलों में सवा सौ पौवा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धरपकड़ अभियान के तहत डोंगरगांव पुलिस ने अधेड़ से 110 नग देशी प्लेन शराब जब्त किया। वहीं कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपी युवक से 15 पौवा देशी प्लेन शराब बरामद कर कार्रवाई की गई है।

पुलिस के अनुसार जिले में पुलिस अधिकारियों के निर्देश एवं मार्गदर्शन में अवैध रूप से शराब परिवहन एवं बिक्री करने वालों के खिलाफ कार्रवाई अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम हालाडुला पर एक व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से बिक्री हेतु अधिक मात्रा में शराब रखा है। इस सूचना पर पुलिस टीम 28 जनवरी को मौके पर संदेहियों पर पैनी नजर रखते ग्राम हालाडुला में रेड कार्रवाई कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत आरोपी हेमप्रसाद पड़ौती 50 साल साकिन हालाडुला के कब्जे से एक कपड़ा के थैला में 110 नग देशी प्लेन शराब कीमती 8800 रुपए को जब्त कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।

### अलग-अलग कार्रवाई

आरोपी के कब्जे से 15 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 1200 रुपए एवं शराब बिक्री रकम 300 रुपए जुमला कीमती 1500 रुपए को जब्त किया। इधर कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने 28 जनवरी को मुखबीर की सूचना पर सेठीनगर लखोली में आरोपी गौतम सिन्हा 22 वर्ष साकिन सेठीनगर को घेराबंदी कर उसके कब्जे से 15 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 1200 रुपए एवं शराब बिक्री रकम 300 रुपए जुमला कीमती 1500 रुपए जब्त कर आरोपी के खिलाफ कोतवाली पुलिस कार्रवाई कर रही है। पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई से हडकंप मचा हुआ है। इधर अवैध रूप से शराब बिक्री और परिवहन करने वालों के खिलाफ पुलिस का अभियान जारी है।






## खबर संक्षेप

### खिलाड़ियों ने जीते मेडल

**डोंगरगढ़।** राजनांदगांव में गत दिनों ओपन स्टेट कराते चैंपियनशिप का आयोजन किया गया जिसमें 20 जिलों के करीब 450 खिलाड़ियों ने भाग लिया।




टूर्नामेंट में रायपुर, दुर्ग, भिलाई, बिलासपुर, कबीरधाम, बलोदाबाजार, बेमेतरा, भाटापारा, जगदलपुर, कांकेर, खैरागढ़, डोंगरगढ़, रायगढ़, कोरबा एवं राजनांदगांव के खिलाडी शामिल हुए। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडे थे। इस दौरान पूर्व सांसद मधुसदन यादव एवं अमल तालुकदार उपस्थित थे। टूर्नामेंट में डोंगरगढ़ के ऑन द राइस मार्शल आर्टस एकेडमी के शौर्य महेश मिश्रा ने सिल्वर मेडल, आलोक लॉरेंस ने ब्राउंज मेडल, सिमरन भीषम लाल देवांगन ब्राउंज मेडल प्राप्त किया। चित्रांश अनिल मनियार ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। कोच मुकेश साहू ने बच्चों को बधाई दिया है।

### पीएम का उदबोधन सुना युवाओं ने

**डोंगरगढ़।** श्याम रिजॉर्ट में गत दिनों नव मतदाता कार्यक्रम संपन्न हुआ।




कार्यक्रम प्रभारी दुर्गेश साहू ने बताया शहर मंडल, ग्रामीण मंडल, घुमका मंडल, पाड़ादाह मंडल के 350 नव मतदाता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से लाइव जुड़े। प्रधानमंत्री ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में युवाओं की भागीदारी पर प्रकाश डाला। इस मौके पर पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, मंडल अध्यक्ष अमित जैन, जैनकुमार मेश्राम, जसमीत बन्नौआना, प्रशांत कोडापे, जयंत साहू, अखिलेश गढ़वाल, सुमित मिश्रा, राघवेंद्र वर्मा, ललित साहू, शिवम योगी, सत्यप्रकाश मिश्रा, हरीश मोटघरे, सविता दरगड, लक्ष्मी यादव, नईम खान, अनिता लोकेश इंदुरकर, संतोष राव, विजेन ठाकुर, दीपक ठाकुर, अमित छाबड़ा, विनोद बारले, जसप्रीत सिंह, जितेन गंडरे, मोहित वर्मा, अक्षय यादव, जयकांत सिंह, आवेश निगम, आकाश जंघेल, गणेश साहू, जयप्रकाश साहू, मिनटी चक्रवर्ती, जय देवांगन, डिंपी महापात्र, महेंद्र त्रिपाठी, साहिल शिंदे बिट्टू पेनेसर, सत्यम यादव, राम यदु, लल्ला यदु, सोमांशु, गजेंद्र आदि उपस्थित थे।

### स्वच्छता कर्मियों ने सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

**डोंगरगढ़।** नगर पालिका के स्वच्छता कर्मचारियों ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांग पूरी करने का निवेदन किया है।



ज्ञापन में बताया गया कि नियमित कार्य करने वाले स्वच्छता कर्मचारियों का 4 से 5 माह एवं अनियमित कर्मचारियों को विगत 2 से 3 माह का वेतन बकाया है। वेतन न मिलने से कर्मचारियों को जीवन यापन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने 30 जनवरी के पूर्व वेतन भुगतान नही होने तक हड़ताल करने की चेतावनी दी है। इस दौरान मयूर हथेल, नरेश करसे, शुभम परिहार, सुखदेव, प्रकाश, राम खिलावन, मनोज, सीमा, रेशम, मायाबाई, राजश्री, शेखर, संजय, सुनील, विक्रम, दौलत, प्रीतम, घनश्याम, सुरेश, सुरेश, सुमित आदि उपस्थित थे।

### हल्दी- कुमकुम का वितरण

**डोंगरगढ़।** महाराष्ट्रीयन तेली समाज महिला मंडल ने होटल स्वागतम में हल्दी कुमकुम एवं वान वितरण का कार्यक्रम रखा।



सर्वप्रथम संता जी की पूजा आरती की गई। उसके पश्चात सभी बहनों ने एक दूसरे को हल्दी, कुमकुम लगाकर वान वितरण किया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष ज्योति बड़वाईक, सचिव सीमा मोटघरे, वर्षा देशमुख, वैशाली देशमुख, सोनाली देशमुख, शीतल पाटिल, नीता मोटघरे, कविता मोटघरे, वर्षा गभने, ममता गभने, कल्पना माहूरे, नीरा देशमुख, रेखा लांजेवार, रेखा देशमुख, प्रीति तराने, ज्योति मोटघरे, मेघा मोटघरे, संगीता तराने, निर्मला देशमुख, सुधा मोटघरे सहित अन्य महिलाएं उपस्थित थी।

### भर्दा में योग का प्रशिक्षण

**सड़क अतरिया।** आयुष आयुर्वेद मंदिर सड़क अतरिया ने ग्राम भर्दा गोड़ में पांच दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया।



योग प्रशिक्षक उमेश जंघेल ने प्रतिभागियों को विभिन्न योग, आसन, प्राणायाम का अभ्यास करा कर नियमित करने प्रेरित किया। कार्यक्रम के समापन में सरपंच तुलाराम जंघेल, मोहन भारती, पंचुराम जंघेल, मनीराम जंघेल, दिलीप जंघेल, फगनी बाई, अश्वनी, कार्यक्रम प्रभारी श्री नेताम, आदि उपस्थित थे। इस दौरान योग से होने वाले लाभ की जानकारी दी गई। आगामी दिवस ग्राम पंचायत कुकुरमुड़ा एवं गुमानपुर में पांच पांच दिवस का योग शिविर आयोजित किया जाएगा।

### नए मतदाताओं का सम्मान

**एलबी नगर।** ग्राम में नमो नवमतदाता सम्मेलन का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में मंडल भाजपा अध्यक्ष बोधीराम साहू, जिला भाजयुमो महामंत्री डीकेश साहू, अशोक वर्मा, भोजराज वर्मा, मुकेश साहू, धर्मेंद्र वर्मा, देवेंद्र यदु, राकेश साहू, संदीप सिन्हा, ज्ञानचंद वर्मा, प्रमोद वर्मा, खिलेश्वर साहू, राजेंद्र तिवारी, रोशन साहू, घनश्याम वैष्णव, चेतन साहू, राजकुमार ताम्रकार, डिकेश सिन्हा सहित अन्य शामिल हुए।

## शहर और गांव में विविध आयोजन, उल्लास के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए ग्रामीण

# गणतंत्र दिवस के समारोह में दिखा देशप्रेम







हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

नगर में गणतंत्र दिवस के अवसर पर उन विभूतियों को श्रद्धासुमन अर्पित किया गया जिन्होने आजादी के लिए अपने प्राण न्यौछावर किया। इस मौके पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इस दौरान नगर एवं आसपास के ग्रामों में देशभक्ति का माहौल रहा।

विकासखंड शिक्षा विभाग में बीईओ रामेन्द्र डडसेना, स्वामी आत्मानंद स्कूल में प्राचार्य हीरान्तक द्वेदी, कन्या स्कुल में प्राचार्य, शाला क्र. 2 में शाला प्रमुख खुर्शीद खान, आदर्श ज्ञान मंदिर में रामचंद यादव, विवेकानंद संस्कार स्कूल में प्राचार्य आदित्यदेव वैष्णव, मां शारदा स्कूल में प्राचार्य संगीता श्रीवास्तव, कृषि महाविद्यालय में एके गुप्ता ने ध्वजारोहण किया। इसी प्रकार जनपद कार्यालय में अध्यक्ष नीना ताम्रकार ने ध्वजारोहण किया। तहसील कार्यालय में तहसीलदार प्रीतम चौहान, नगर पंचायत में अध्यक्ष पार्तिका संजय महोबिया ने तिरंगा फहराया। इस दौरान सीएमओ कमल नारायण जंघेल, समस्त कर्मचारी एवं पार्षद उपस्थित थे। नगर के ऐतिहासिक स्थल शहीद चौक मे नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती महोबिया ने ध्वजारोहण कर सलामी दी। कन्या शाला की बालिकाओं ने राष्ट्रगान प्रस्तुत किया। यहां नगर सहित ग्रामीण अंचल के लोगों ने 9 जनवरी 1953 में हुए गोलीकांड की दिवंगत आत्माओं को श्रद्धासुमन अर्पित किया। ऐतिहासिक फुटबाल मैदान में जनपद अध्यक्ष ने ध्वजारोहण कर मार्चपाष्ट की सलामी ली। मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया गया। यहां समस्त शैक्षणिक संस्थाओं के बच्चों ने शानदार विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

इसी प्रकार नगर की प्रतिनिधि संस्था प्रेरणा के सर्वकालीन संरक्षक एवं नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष शांति लाल सांखला ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में प्रेरणा के अध्यक्ष अशोक चन्द्राकर सहित सभी सदस्य उपस्थित थे। इसके उपरांत संस्था की ओर से मिष्ठान्न वितरण किया गया। आजादी के पूर्व से नगर में स्थित कांग्रेस कार्यालय में ब्लाक अध्यक्ष ने ध्वजारोहण किया।

### कृषि महाविद्यालय

रानी अवंती बाई लोधी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अधिष्ठाता डॉ एके गुप्ता ने संविधान के महत्वों पर प्रकाश डाला एवं मौलिक अधिकारों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ बीएस असाटी ने संविधान दिवस की महत्ता के बारे में बताया। इस दौरान डॉ ओम नारायण वर्मा, डॉ. ओमप्रकाश सोनवानी, डॉ. पंकज भार्गव ने अपने विचार रखे। छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुती दी। मुख्य अतिथि ने खेलकूद एवं मड़ई महोत्सव में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस मौके पर सहायक प्राध्यापक तामिन, डॉ एके नंदनवार, डॉ. सेवक ढेंगे, डॉ. कन्हैयालाल, रायसेन पाल, कोमल गांवरे, जलेश्वरी कंवर, पूर्णिमा निषाद सहित अन्य उपस्थित थे।




### कल्लूबंजारी

**कल्लूबंजारी।** गणतंत्र दिवस समारोह शाला प्रांगण में आयोजित किया गया। सरपंच डोमेन कुमार पटेल ने तिरंगा फहराया। इस मौके पर प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक शाला प्रांगण में आंगनबाड़ी केन्द्रों, प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला एवं उच्चतर माध्यमिक शाला के छात्र-छात्राओं का सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। अध्यक्षता प्राचार्य जी कुंजाम ने किया। विशेष अतिथि हेमीनबाई साहू, राजकुमार पटेल, सुशील कुमार कंवर, रामेश्वरी मंडावी, बालकिसन साहू, बाबूलाल पटेल, जयपाल यादव, पुष्पा सिन्हा,बलिहार पटेल, भवन सिंह ठाकुर, कामता पटेल, रोमन पटेल, दिलहरण पटेल,रेखलाल सोनकर थे। बच्चों ने वंदना, स्वागत गीत, छत्तीसगढ़ी गीत, देशभक्ति गीत, कर्मा-ददरिया, बस्तरिया नृत्य प्रस्तुत किया। हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र सौरभ कुमार ने प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत कर लोगों को देश सेवा के लिए तैयार रहने का संदेश दिया। संचालन एवं आभार प्रदर्शन डीके कुरेटी ने किया। इस अवसर पर संतराम कंवर, गोपीधर पटेल, कोमल उइके, सुखबती कंवर, सुमित्रा ध्रुर्वे, श्यामकला, दुलेश्वरी, द्रोपती, डोमनबाई, घनश्याम, शीतलसिंह, मदन ताम्रकार, रमन सिंह, तीरथ पटेल, घोसुलदास, श्यामाबाई, सुखबती, दुर्योधन, अरविंद कुमार, यूएस मंडावी, पूजा ध्रुर्वे, लिलेश्वरी मंडावी, भूपेन्द्र कैवर्त, शोभराय कार्ते, तिलक बढ़ई, चुम्मन भुआर्य, जगन्नाथ नेताम, अरूण दिल्लीवार, रोमन साहू आदि उपस्थित थे।




### पटेवा

**पटेवा।** ग्राम पटेवा में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान अनेक स्थानों पर ध्वजारोहण किया गया है। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पूर्व माध्यमिक शाला, स्वास्थ्य केन्द्र, आंगनबाड़ी केन्द्रों में ध्वजारोहण किया गया। लीला चौरा चौक में ध्वजारोहण भजन मंडली, भाटापारा मासूल रोड़ में गुलशन साहू, शीतला चौक में बगस बैगा, नैनचंद देवांगन, चन्द्रकांत देवांगन, रेकचंद देवांगन, हरीराहू साहू, ग्राम पंचायत में सरपंच मिथिलेश साहू ने ध्वजारोहण किया। मुख्य आयोजन प्राथमिक शाला प्रांगण में किया गया। मुख्य अतिथि सरपंच मिथिलेश साहू थे। अध्यक्षता नीलकण्ठ साहू ने की। विशिष्ट अतिथि प्रमोद दुबे, खोम साहू, भुवनलाल साहू, बहुर साहू, रामदिल वर्मा, जागेश्वर साहू, योगेश्वर साहू, विजय गजपाल थे। स्कूली बच्चों ने भाषण, कविता नाटक आदि पेश किया।

सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल पटेवा में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रातः भैया बहनों ने महापुरुषों के जय घोष एवं देशभक्ति गीतों के साथ प्रभातफेरी निकाला। प्रभात फेरी में महात्मा गांधी, भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी, सावित्रीबाई फूले बन कर निकले भैया बहन आकर्षण का केंद्र रहे। समारोह का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में किया गया। मुख्य अतिथि डीआर साहू थे। अध्यक्षता एमएस राजपूत ने किया। विशिष्ट अतिथि नैनचंद देवांगन, गोविंदराम साहू, चन्द्रकांत देवांगन की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया गया। भैया बहनों ने भाषण ,कविता प्रस्तुत किया।

### डोंगरगढ़

**डोंगरगढ़।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। वीरसिंह यादव, थैलेश साहू के निर्देशन में प्रातः प्रभात फेरी निकाली गई। तत्पश्चात उपस्थित अतिथियों ने झंडा आरोहण किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, मीना गिरधर, प्रभाकरराव गिरधर, नारायण अग्रवाल, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, प्रकाश गिरधर, बीरेंद्र अग्रवाल, वैशाली देशकर, प्राचार्य प्रकाश यादव, प्रधानाचार्य जागेश्वर निषाद मौजूद थे। भैया बहनों ने गीत, कहानी, कविता, भाषण, रिकॉर्डिंग डांस आदि प्रस्तुत किया। रिकॉर्डिंग डांस में 120 भैया बहनों ने भाग लिया। सुरेश दास वैष्णव के निर्देशन में घोष दल ने परेड प्रदर्शित किया। संचालन डिंपल यादव ने किया। इस कार्यक्रम में बोधन भारद्वाज, विनोद ताम्रकार, धर्मेंद्र गोमस्ता, ज्योतिष यादव, देवी सिंह ठाकुर, ओमप्रकाश महोबिया, नरेश सिंहा, अमित शुक्ला, विशेष साहू, सौरभ फूले, डीगेश साहू, कीर्ति दफेदार, एस राव, झुंपा मंडल, त्रिवेणी मंडल, स्मृति पांडे, सुषमा शांडिलकर, रेवती वर्मा, कौशल्या वर्मा, पल्लवी भिवगढ़े, ऋतु साहू, सुशील यादव, अमिता जैन, उत्तम नागमोते, सुशील यादव, प्रीति वाला वैष्णव, चंद्रिका यादव, माया वशिष्ठ ज्योति मार्वे, ज्योति शर्मा, प्रिया भारती, योगेश्वरी निषाद, योगिता नागमोते, निशा नागमोते, ममता सोनवानी आदि शामिल हुए।

### गांधी और अम्बेडकर को किया नमन

**कुमरदा।** शहीद ग्राम बादराटोला में हर्ष उल्लास के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया। स्कूल के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया।



मुख्य समारोह के मुख्य अतिथि जिला भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष हिरेंद्र कुमार साहू ने कहा कि देश को चलाने के लिए संविधान की आवश्यकता होने पर डां भीमराव अंबेडकर और उनकी कमेटी ने तैयार किया जिसे 26 जनवरी 1950 लागू किया गया। कार्यक्रम में हायर सेकेंडरी स्कूल के प्रभारी प्राचार्य माखन लाल ठाकुर, सरपंच दिग्विजय साहू, उषा चंद्रवंशी, गोपीदास साहू, दिलेश्वर कौशिक, खिलावन साहू, टुमेश्वर ठाकरे, टुमेश साहू, शोभन साहू, अक्तू चंद्रवंशी, गिरधारी ठाकरे, द्रोपती चंद्रवंशी, सरस्वती चंद्रवंशी, रामबाई, नोहरबाई, डेमिन साहू, लोमेंद्र कुमार साहू, टुमन सिंह, ओझाराम कौशिक, बैजनाथ साहू, मदन निर्मलकर, देव चंद्रवंशी आदि उपस्थित थे।

### बच्चों ने निकाली प्रभातफेरी

**गंडई पंडरिया।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी शासकीय, अर्धशासकीय एवं अन्य कार्यालयों में झंडारोहण किया गया। भारत माता की पूजा अर्चना कर सेव बूंदी का वितरण किया गया।



सुबह स्वामी आत्मानंद स्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर, नवीन स्कूल, केसीजी फ्यूचर स्कूल सहित अन्य स्कूलों में झंडारोहण किया गया। बच्चो ने प्रभातफेरी निकालकर शहर भ्रमण किया। हटरी चौक में युवराज लालटारकेश्वर शाह खुशरो ने ध्वजारोहण किया। इसी प्रकार तिरंगा चौक में नगर पंचायत अध्यक्ष चेतन देवांगन, नगर पंचायत में उपाध्यक्ष जाबिद खान, प्रेस क्लब गंडई में अध्यक्ष विनोद नामदेव ने झंडारोहण किया। स्वागत के बाद आगन्तुको ने अपने विचार प्रगट किए। इस दौरान साहित्यकार डॉ पीसी लाल यादव, श्री मानिकपुरी, क्लब के संरक्षक अनिल अग्रवाल, दिलीप ओगरे, असलम मेमन, नगर पंचायत उपाध्यक्ष जाबिद खान ने अपनी बातें रखी। इस दौरान अध्यक्ष विनोद नामदेव, सचिंव रोहित देवांगन, संरक्षक हरिशंकर साहू, उपाध्यक्ष सुखनंदन चतुर्वेदी, महामंत्री रत्नेश कुलदीप, कोषाध्यक्ष नंदकिशोर साहू, उप कोषाध्यक्ष संजय नामदेव सहित अवधेश मिश्रा, ओमकार साहू, दामोदर वैष्णव, हबीब खान, पवन अग्रवाल, ज्ञानचंद जैन, राकेश ताम्रकर, भरत नामदेव, भुनेश्वर साहू, चुम्मन वैष्णव सहित अन्य उपस्थित थे।

## शिविर में विभिन्न गतिविधि संपन्न

# स्वयंसेवकों ने किया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ़ की रासेयो इकाई ने सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत ढारा में प्राचार्य डॉ ईवी रेवती के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी हेमूराम पदमे एवं नीलम चतुर्वेदानी के नेतृत्व में किया।

गत 18 जनवरी तक आयोजित शिविर में नशा मुक्त समाज के लिए युवा थीम पर विभिन्न जागरूकता रैली एवं गतिविधियां आयोजित की गई । समापन समारोह में मुख्य अतिथि प्राचार्य दिग्विजय महाविद्यालय राजनादगांव डॉ. के.एल. टांडेकर थे। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ रेवती ने किया। विशिष्ट अतिथि जिला संगठन अधिकारी डॉ,सुरेश पटेल, सरपंच राजेंद्र जंघेल आदि थे। बौद्धिक चर्चा के तहत अशोक पांडे ने सड़क सुरक्षा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के हितेन्द्र कोसले ने नशा मुक्ति समाज, गुलशन सिन्हा, वेदप्रकाश साहू कैरियर गाइडेंस, डॉ आरआर कोचे ने नारी सशक्तिकरण, ओमप्रकाश वर्मा, जीवन एक संघर्ष पर सोनाली लोया ने जानकारी दी। स्वयंसेवकों ने स्वच्छता से संबंधित विभिन्न गतिविधियां संचालित की। शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम, नाटक, गीत, संगीत के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया। अंतिम दिन उत्कृष्ट स्वयंसेवक-स्वयंसेविकाओं आदि को सम्मानित किया गया। समापन कार्यक्रम में डॉ. प्रदीप जाम्बुलकर, डॉ आशा चौधरी, डॉ. मुन्नालाल नंदेश्वर, नितेश तिरपुडे, जीके यादव, वेद प्रकाश साहू, ओमप्रकाश वर्मा, अविनाश सिंह, सोनाली लोया, डॉ नीता राजपूत, डॉ. नौशीन अंजुम, डॉ. येशुकृति हजारे, अनिमा मिंज, पदमा खुटे, लीलाराम देवांगन, रोशन साहू, वासुदेव साहू, मनीषा भेडिया, एवलाल मेश्राम, अंजलि देवांगन, नीलम सिन्हा, प्रिया ठाकुर, तूलिका चक्रवर्ती, ऋचा अग्रवाल, प्रभात बैस, मोनिका, ज्योति साहू, जेके देवांगन, केजी सोनकर, नितिन शांडिल्य, संदीप गजभिये, सुशील सोनवानी, विक्की रामटेके, रोशन वर्मा, राजाराम सिंह, वीरेंद्र सिंह, कौशल, अविनाश टेम्भुरकर, प्रज्जवल गेडाम, मयूरी, मानसी, पायल, वैशाली, दीपशिखा, निकिता, रमन साहू, डागेश्वर आदि उपस्थित थे। संचालन नीलम चतुर्वेदानी एवं आभार प्रदर्शन हेमूराम पदमे ने किया।

# मंडलियों ने दी मानस की प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

नगर के पंडरिया वार्ड एक दैहान चौक में श्रीराम चरित मानस गान का आयोजन किया गया । दूर दूर से आई मंडलियों ने श्रोताओ को राम कथा का रसपान करवाया। यह आयोजन नव युवा मंडल ने नगरवासियों के सहयोग से किया था। समापन के मौके पर शोभायात्रा निकाला गया। शोभायात्रा पंडरिया के विभिन्न मार्गों से गुजरी इस दौरान नगरवासियों ने पूजा अर्चना कर स्वागत किया। 5 दिनों तक चले सम्मेलन में 25 मंडलियों ने प्रस्तुती दी। अंत में बेस्ट मंडलियों सहित नगर के युवाओ और प्रबुद्धजनों को गमछा भेट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर रेवाराम पटेल, रामप्रसाद साहू, हेमलाल यदु, हेमंत झरिया, तामेश्वर साहू, गजराज यादव, द्वारिका साहू, रामकृपाल डहरिया, संतोष सिन्हा आदि मौजूद थे। संचालन बालकिशन यादव, अलख साहू एवं संजय साहू ने किया।

- शोभायात्रा के साथ हुआ आयोजन का समापन



### वार्षिकोत्सव 30 को

**घुमका।** शासकीय रानी अवंती बाई लोधी महाविद्यालय में आगामी 30 जनवरी को वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया है। प्रो डॉ केडी देशलहरा एवं छात्रसंघ प्रभारी प्रो डॉक्टर सत्यदेव त्रिपाठी ने बताया कि मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडे होंगे। अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य राजेश श्यामकर करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में दिलीप पटेल, किरण बारले, फूलमती वर्मा, जागेश्वर साहू, भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष ललित साहू, नरेंद्र वर्मा, नरेंद्र सिंह, रेखाराम साहू, अनिलसिंह चंदेल, रूपनारायण साहू, सौरभ सिंह राजपूत उपस्थित रहेंगे।

हरिभूमि
पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

## खबर संक्षेप

### गातापार जंगल में उद्यमिता मार्गदर्शन कार्यशाला आज

**खैरागढ़।** ब्लाक के गातापार जंगल में एक दिवसीय उद्यमिता मार्गदर्शन कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में सुबह 11 बजे से प्रारंभ आयोजन में न्यूनतम 8 वी पास, अधिकतम असीमित शिक्षित, आदिवासी अनुसूचित जनजाति युवक/युवतियों को विविध सूक्ष्म गृह उद्योग और व्यापार स्थापित कराने प्रेरित किया जाएगा। शिविर मे जनपद अध्यक्ष लीला प्रकाश मंडावी, जिपं सभापति विप्लव साहू, वैद्यराज शेखूराम वर्मा सहित सूक्ष्म लघु उद्योग विकास कार्यालय रायपुर के सहायक संचालक किशोर इडपाते, महाराष्ट्र से क्लस्टर विषेशज्ञ मनोहर ऊईके, वन विभाग के सहायक डीएफओ आरके तिवारी और गणमान्य उपस्थित होंगे।

### कला महोत्सव का आयोजन


**धनडोगरी।** ग्राम में श्रीराम जानकी मानस प्रचार समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से श्रीराम कथा एवं लोक कला महोत्सव का आयोजन किया गया। रामायण, जस झांकी, फाग, सुवा आदि के साथ संध्या को महाआरती 1000 दीपों के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कलशयात्रा के साथ हुआ।

### छुईखदान में आज मंडई

**राजनांदगांव।** सिंघोला समीपस्थ ग्राम छुईखदान में ग्रामवासियों द्वारा कल 29 जनवरी को मंडई-मेला का आयोजन एवं रात्रि में छत्तीसगढ़ी नाचा का कार्यक्रम रखा गया है। उक्त जानकारी देते ग्रामीण सचिव पन्नलाल साहू एवं ग्रामीण पटेल ठाकुरीराम साहू ने दुकानदारों एवं आमजनों को आमंत्रित किया है।

### वार्षिकोत्सव का आयोजन

**डोंगरगांव।** चिल्ड्रन्स गार्डन प्ले स्कूल में बुधवार को वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू, विशेष



अतिथि इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के भीमनदास एवं श्यामसुंदर सोनी थे। समाजसेवी महिला मंडल नेकी की दुकान एवं सिंधी समाज महिला मंडल की महिलाओं ने अपनी उपस्थिति दी। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई। इस बीच फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्ले ग्रुप से प्रथम स्थान पर जिंनल जैन, दूसरे स्थान पर सावी जैन, तीसरे स्थान पर द्रव्या जैन रही। नर्सरी से पहले स्थान पर अविका कुंवर, दूसरे स्थान पर अनय गुप्ता और तीसरे स्थान पर सिया कुमार रहे। तत्पश्चात बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। संचालन शिक्षिका सेजल सांखला, प्रीति नेती, करिश्मा साहू एवं पायल कुंजाम ने किया। समापन प्रधानाध्यापक अनिल रूपलानी ने किया।

### आज भाजपा कार्यालय में कार्यशाला

**राजनांदगांव।** जिला भाजपा कार्यालय में कल 29 जनवरी को महिला स्व-सहायता समूह, गैर सरकारी संगठन संस्था से संपर्क करने के अभियान तथा गांव चलो अभियान के लिए एक महत्वपूर्ण कार्यशाला दोपहर 3 बजे आयोजित की गई है। कार्यशाला में गांव चलो अभियान के प्रदेश संयोजक व पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल तथा महिला स्व-सहायता समूह गैर सरकार संगठन अभियान की प्रदेश सह-संयोजक व पंडरिया विधायक भावना बोहरा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगी। जिला भाजपा महामंत्री रविन्द्र वैष्णव ने बताया कि इस कार्यशाला में मातृवंदन के विधानसभा स्तरीय 25 कार्यकर्ताओं की टीम तथा गांव चलो अभियान के मंडल स्तरीय संयोजक व सहसंयोजक उपस्थित रहेंगे। इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल तथा पार्टी के वरिष्ठ नेता व पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

### यादव समाज का महाधिवेशन 30 को

**राजनांदगांव।** जिला कोसरिया यादव समाज द्वारा आगामी 30 जनवरी को आडिटोरियम में महाधिवेशन, युवक-युवती परिचय सम्मेलन, यादव गौरव प्रतिभा सम्मान तथा सामूहिक आदर्श सेवा का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सांसद मधुसूदन यादव करेंगे। विशिष्ट अतिथि में संतोष पांडे सांसद, पद्मश्री फुलबासन यादव, बोधन यादव होंगे। उदघाटन समारोह के मुख्य अतिथि महापौर हेमा देशमुख, अध्यक्षता बोधन यादव तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पवन डागा, कुलबीर छाबड़ा, जितेन्द्र मुदलियार आदि होंगे।

### पुलिस ने की दो आरोपियों पर कार्रवाई

**राजनांदगांव।** घुमका क्षेत्र में अपराधों की रोकथाम एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु दो लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। जिले में अपराधों की रोकथाम एवं गुंडे-बदमाशों पर अंकुश लगाने पुलिस विभाग द्वारा जिले में लगातार कार्रवाई की जा रही है। उसी क्रम में थाना घुमका पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी दिलीप सिसोदिया के मार्गदर्शन में थाना घुमका क्षेत्र अंतर्गत ग्राम क्रमशः देवादा और मासूल में आए दिन शराब पीकर लोगों को डराने-धमकाकर दहशत फैलाने वाले आरोपी देवादा निवासी अलोक सोनी एवं मासूल निवासी होरिलाल वर्मा को 27 जनवरी को धारा 151 दंड प्रक्रिया संहिता के तहत गिरफ्तार किया गया एवं क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु दोनों अनावेदकों को प्रतिबंधित करने हेतु पृथक से धारा 107,116(3) दंड प्रक्रिया संहिता के तहत प्रतिबंधित कार्रवाई कर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट राजनांदगाव के समक्ष पेश कर दोनों अनावेदकों को जेल दाखिल किया गया है।

### जस झांकी प्रतियोगिता 3 से

**जंगलपुर।** ग्राम भोथली में दो दिवसीय जस झांकी एवं गायन प्रतियोगिता का आयोजन 3 व 4 फरवरी को किया गया है। जिसमें 3 वर्ग महिला, पुरूष व झांकी में पुरस्कार रखा गया है। 5 फरवरी को मंडई-मेला का आयोजन रखा गया है। मंडई के अवसर पर रात्रि में ज्ञान के पूजा नाच पार्टी मुड़माड़ी महाराष्ट्र का कार्यक्रम रखा गया है। ग्राम के अनिलचंद्र खोबरागड़े ने क्षेत्रवासियों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर मंडई-मेला का लाभ लेने की अपील की गई है।

### रोजगार दो-न्याय दो का युकां ने किया पोस्टर विमोचन

**राजनांदगांव।** राहुल गांधी द्वारा चलाए जा रहे भारत जोड़ो न्याय यात्रा में



युवाओं के लिए रोजगार दो-न्याय दो पर विशेष ध्यान आकर्षित करते युवा छत्तीसगढ़ प्रभारी पलक वर्मा, प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा, जिला प्रभारी आदित्य सिंह, प्रदेश महासचिव अनिमेष सिंह, जिला अध्यक्ष संदीप गहरवार के निर्देशानुसार डोंगरगढ़ विधानसभा युवा कांग्रेस सौरभ वैष्णव के नेतृत्व में 25 जनवरी को भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत रोजगार दो-न्याय दो पोस्टर विमोचन कार्यक्रम एवं आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते राजनांदगांव लोकसभा में अधिक से अधिक मात्रा में कांग्रेस के प्रति लोगों को जागरूक कर कांग्रेस के पक्ष में वोट करने व प्रेरित करने पर भी चर्चा की गई। इसमें मुख्य रूप से ब्लॉक अध्यक्ष तरुण फुले, सोहेल खान, अमित राजपूत, कृष्णा गुप्ता, अक्षय चौरसिया, सनी भाटिया, उग्रसेन साहू, सचिन मेश्राम, पंकज सखरे, सुभाष यादव एवं युवा कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थिति रहे।

## जगह-जगह फहराया गया तिरंगा झंडा, बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में लिया हिस्सा

# गणतंत्र दिवस पर दिखा देशभक्ति का जज्बा



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पुराना गंज चौक स्थित बजरंग व्यायाम शाला द्वारा राष्ट्रीय पर्व 26 जनवरी गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समिति के सचिव चंद्रभूषण गायधने ने बताया कि सुबह 9 बजे व्यायाम शाला प्रांगण में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं बजरंग व्यायाम शाला के पूर्व अध्यक्ष सूर्यकांत जैन ने झंडा फहराया। स्वागत भाषण बजरंग व्यायाम शाला के अध्यक्ष कैलाश राठी ने दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सूर्यकांत जैन ने अपने उद्बोधन में बजरंग व्यायाम शाला के सदस्यों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी।

### सोमनी



ग्राम सोमनी में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शासकीय प्राथमिक शाला में प्रधानपाठक नरेश दुरूकर, शा.उ.मा.शाल सोमनी के प्राचार्य वीथिका साहू, शा.नवीन प्रा. शाला में प्रधानपाठिका अनुराधा गुरू, ग्राम पंचायत प्रांगण में सरपंच लता संतोष यादव, वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति प्रबंधक रीतेश शर्मा द्वारा ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण उपरांत प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला एवं हायर सेकंडरी के छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय एकता के गगनभेदी नारों एवं बैंडबाजा के साथ प्रभातफेरी निकाली। शाला के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, गीत, भाषण, कविता प्रस्तुत किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सरपंच लता संतोष यादव, अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य अंगेश्वर देशमुख ने की। विशिष्ट अतिथि टीएल चंद्राकर, कृष्णा तिवारी, रमन सिंह राजपूत, योगेन्द्र प्रताप सिंह, नेपाल साहू, उमेश कुमार साहू, रामदुलार साहू एवं सुकदेव साहू थे।

### आयकर कार्यालय



आयकर कार्यालय राजनांदगांव में 75वें गणतत्र दिवस के उपलक्ष्य में सुबह 8.30 बजे भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना कर आयकर अधिकारी सुजीत भट्टाचार्य द्वारा झंडा वंदन किया गया। तत्पश्चात राष्ट्रगान गाकर राष्ट्रीय झंडा को सलामी दिया गया। कार्यक्रम में टैक्स बार एसोसिएशन अध्यक्ष कमल किशोर साहू, वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेश एच. लाल, सीए रमेश सोनछत्रा, सुरेश गांधी, प्रकाश सांखला, राजेश बाफना, प्रफुल्ल कोठारी, हरीश जैन, गौतम ओसवाल, जुगलकिशोर अग्रवाल, अशोक साहू, आतिश ओसवाल, सुनील साहू, मनमोहन साहू, लोकेश अग्रवाल, यशवंत देशमुख, लक्ष्मीनारायण साहू, सुधीर राठी, राहुल जैन, हर्ष पींचा, शुभम भंसाली, पुष्पा रामटेके, धन्ना यादव, सहित आयकर कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सुंदरा

शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला प्रांगण में गणतंत्र दिवस समारोह पंच, सरपंच, ग्रामीण एवं शालेय परिवार की उपस्थिति में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अतिथि सरपंच हिपेन्द्र साहू, पूर्व सरपंच



पदमिनी साहू, वरिष्ठ नागरिक शोभितराम साहू, उपसरपंच जितेन्द्र साहू, सुरेन्द्र साहू, पवन यादव एवं अन्य नागरिकों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर बच्चों ने देशभक्ति एवं धार्मिक गीतों पर आकर्षक प्रस्तुति दी। ग्रामीणों ने कार्यक्रम में सहभागी बच्चों को पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में हाईस्कूल के बच्चों द्वारा पर्यावरण जागरूकता से संबंधित नृत्य व मराठी नृत्य की प्रस्तुति दी गई। छत्तीसगढ़ी नृत्य की प्रस्तुति से माध्यमिक शाला के बच्चों ने छत्तीसगढ़ी संस्कृति व परंपराओं की छंटा बिखेरी। 26 जनवरी के इस आयोजन में शिक्षकों में से उत्कृष्ठ कार्य और अपनी क्षमताओं का पूर्ण उपयोग करने उत्कृष्ट शिक्षक पुरस्कार प्राथमिक शाला से रश्मि श्रीवास्तव व माध्यमिक शाला से मनीषा श्रीवास्तव को ग्रामीणों द्वारा प्रदान किया गया। उत्कृट शिक्षक पुरस्कार प्रदान करने में पवन यादव व सुरेन्द्र साहू का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में छतीसगढ़ पुलिस में पदस्थ कोमल साहू व कामता यादव ने बच्चों को देशभक्ति व अनुशासन की सीख दी। मुख्य अतिथि सरपंच हिपेन्द्र साहू ने पुरस्कार प्रदान कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। राजेन्द्र सिंह ठाकुर व विनोद यादव द्वारा झंडा वंदन किया गया।

### अशोक स्तंभ चौक

नगर के भरकापारा अशोक स्तंभ चौक में स्थित राष्ट्रीय प्रतीक अशोक स्तंभ में संविधान की प्रस्तावना के मध्य स्थित चौक में गणतंत्र दिवस पर ध्वाजारोहण बौद्ध धर्म गुरू भंते धम्म तप, पूर्व पार्षद प्रज्ञा पंकज गुप्ता, आम्बेडकर सेवा समिति संघ मित्रा महिला मंडल भरकापारा के सदस्यों पदाधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। उपस्थितजनों द्वारा संविधान की प्रस्तावना का पठन किया गया। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन संघ मित्रा महिला मंडल की अध्यक्ष



प्रतिमा वासनिक द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन लोक कलाकार राजेश बाघमारे द्वारा किया गया।

### ब्रह्माकुमारीज



लालबाग स्थित वरदान भवन तथा कौरिनभाठा स्थित ज्ञान मानसरोवर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में 26 जनवरी के दिन गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। प्रातः ईश्वरीय महावाक्य के श्रवण के बाद ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात राष्ट्रगान गाया गया। गणतंत्र दिवस की बधाई देते ब्रह्माकुमारी प्रभा बहन ने कहा कि हम वर्ष में दो बार राष्ट्रीय पर्व धूमधाम से मनाते हैं और इस दिन विशेष हम उन शहीदों को याद करते हैं, जिन्होंने भारत माता के लिए अपना जीवन कुर्बान कर दिया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी शकुन बहन, रंभा बहन, सुषमा बहन, नीलेश्वरी बहन, प्रियंका बहन, महिमा बहन, झिलेश्वरि बहन, खेमीन बहन, पूनम बहन, सुनिंदा बहन, टोमिन बहन एवं ईश्वरीय महावाक्य सुनने आए अनेक भाई-बहन उपस्थित थे।

## परीक्षा पे चर्चा आज

**राजनांदगांव।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा परीक्षा को उत्सव की तरह मनाने 29 जनवरी को सुबह 11 बजे भारत मंडपम प्रगति मैदान नई दिल्ली में ऑनलाइन परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दूरदर्शन न्यूज, दूरदर्शन भारत, यू-ट्यूब व एवं **MyGov.in** सहित अन्य माध्यम से उपलब्ध रहेगा। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने जिले के केन्द्रीय विद्यालयों, नवोदय, सीबीएसई से संबद्ध विद्यालयों, शासकीय एवं निजी विद्यालयों सहित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में कक्षा छठवीं से कक्षा बारहवीं तक के विद्यार्थियों तथा शिक्षकों एवं अभिभावकों को स्मार्ट टीवी व डिजिटल क्लास रूम के प्रोजेक्टर स्क्रीन के माध्यम से परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। दूरस्थ स्थलों में इंटरनेट अथवा टेलीविजन की सुविधा उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में ऑल इंडिया रेडियो एवं एफएम चैनल के माध्यम कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सुनाने की व्यवस्था करने कहा गया है। कार्यक्रम के पश्चात बच्चों व शिक्षकों के फोटो **MyGov.in** पर अपलोड करने निर्देशित किया गया है। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने ऑनलाइन परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। नोडल अधिकारी अपने अधीनस्थ बीआरसी, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी, नोडल प्राचार्य को संबंधित क्षेत्र में सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त करेंगे। कार्यक्रम से जिले के शत-प्रतिशत विद्यार्थी को लाभान्वित करने कहा गया है।

## पंजाब नेशनल बैंक में धोखाधड़ी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के आरोपी गिरफ्तार

- 49 हजार रुपए की धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

पंजाब नेशनल बैंक के सामने एक ग्रामीण को झांसा देकर 49 हजार रुपए की धोखाधड़ी करने के मामले की जांच पड़ताल करते पुलिस ने अंतर्राज्यीय गिरोह के आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार गंडई थाना क्षेत्र अंतर्गत 9 जनवरी को प्रार्थी टीकाराम साहू साकिन चकनार ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि दो आरोपियों द्वारा पंजाब नेशनल बैंक गंडई के पास काला झिल्ली के अंदर 200000 रुपए है, उसे बैंक में जमा करना है, बोलकर प्रार्थी को 100000 रुपए रख लेना और बैंक से तुम पैसा निकाले हो, उसे दे दो कहकर 49000 रुपए ले लिया। प्रार्थी घर जाकर देखा तो काला झिल्ली के अंदर रूमाल में सफेद लाईनिंग कागज बंधा हुआ था, उसके साथ धोखाधड़ी किया गया है।

### आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा

जिससे आरोपियों द्वारा घटना में प्रयुक्त किए गए वाहन एवं वाहन का नंबर प्राप्त हुआ एवं सायबर सेल टीम की मदद से आरोपियों के मोबाइल का टॉवर डंप कर मोबाइल नंबर का पता तलास किया गया। आरोपियों के मोबाइल का लोकेशन नवी मुंबई (महाराष्ट्र) में होना पाए जाने पर विशेष टीम तैयार कर नवी मुंबई महाराष्ट्र भेजा गया। मोबाइल लोकेशन के आधार पर आरोपियों के रूकने व छुपने के स्थानों का पता तलाश कर घेराबंदी कर घटना में शामिल आरोपी भावेश पटेल पिता लालजी पटेल 43 साल निवासी पनवेन नवी मुंबई (महाराष्ट्र) को पकड़कर पूछताछ किया गया। आरोपी द्वारा अपने साथी के साथ मिलकर घटना दिनांक को पंजाब नेशनल बैंक गंडई में प्रार्थी के साथ धोखाधड़ी की घटना कर अपने साथी को पटना बिहार में छोड़ना बताए जाने पर आरोपी को घटना में प्रयुक्त वाहन रिट्ज कार के साथ थाना लाकर गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमांड पर भेजा गया।

### सीसीटीवी से मिला सुराग

रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। इस मामले में पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा पांडेय के निर्देशन पर पुलिस अनुविभागीय अधिकारी प्रशांत खांडे के दिशा निर्देश में थाना प्रभारी गंडई निरीक्षक शिवशंकर गेंदले के नेतृत्व में थाना एवं सायबर सेल जिला केसीजी से तत्काल टीम तैयार कर प्रार्थी से धोखाधड़ी करने वाले आरोपियों के आने-जाने के रास्ते में लगे सीसीटीवी कैमरा को खंगाला गया।

## निःशुल्क चित्रकला स्पर्धा के परिणाम हुए घोषित

**राजनांदगांव।** श्री बालाजी मंदिर समिति गंज लाइन, यामिनी क्रीड़ा एवं कला केंद्र तथा बाल समाज राजनांदगांव द्वारा आयोजित निःशुल्क चित्रकला प्रतियोगिता के परिणाम घोषित किर दिए गए हैं। प्रतियोगिता के संयोजक पवन डागा व यामिनी क्रीड़ा एवं कला केंद्र के अध्यक्ष रीतेश देवांगन ने उक्त जानकारी देते बताया कि अयोध्या में श्रीराम लला के प्राण-प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में 21 जनवरी को आयोजित इस प्रतियोगिता में नर्सरी से महाविद्यालयीन स्तर के लगभग एक हजार प्रतिभागियों ने भाग लेकर रामायण के विभिन्न प्रसंग विषय पर चित्रकारी की थी।

छह विभिन्न वर्गों में आयोजित इस प्रतियोगिता के वर्ग अ नर्सरी से केजी-2 में अनामिका साहू प्रथम, पृष्टि ललवानी द्वितीय एवं भाव्या देवांगन तृतीय, वर्ग ब कक्षा पहली से दूसरी में अर्चिता ढ़ाली प्रथम, जान्वी साहू द्वितीय एवं दीक्षा यादव तृतीय, वर्ग स कक्षा तीसरी से 5वीं में प्रथम राजवीर चौहान, द्वितीय मान्या गुप्ता एवं तृतीय दक्ष दोड़के, वर्ग द छठवीं से आठवीं में प्रथम अवनि गुणधर, द्वितीय सार्थक राऊत एवं तृतीय विधि बिसने, वर्ग ई कक्षा 9वीं से 12वीं में प्रथम कृष्णा गुप्ता, द्वितीय सिमरन साहू एवं तृतीय अनिमेष रजक तथा वर्ग फ महाविद्यालयीन स्तर में प्रथम मलेश वर्मा, द्वितीय राहुल कुमार कोर्राम एवं तृतीय स्थान पर पुमेश कुमार रहे। विजेता प्रतिभागियों के अलावा प्रत्येक वर्ग से तीन-तीन सांत्वना पुरस्कार भी दिए जाएंगे। साथ ही सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र भी दिए जाएंगे। ये सभी पुरस्कार और प्रमाण पत्र उनके विद्यालय के माध्यम से प्रदान किए जाएंगे। आयोजन समिति द्वारा आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी प्रतिभागी शालाओं के प्राचार्य, प्रधान पाठक एवं पालकों को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

### बड़ी संख्या में शामिल हुए लोग

# जिला सेन समाज ने ठाकुर का मनाया जन्मशताब्दी दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



नाई समाज के भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और बिहार के दो बार के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. कर्पूरी ठाकुर का 100वां जन्म दिवस शहर के गांधी चौक में मिठाई बांटकर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार विजय कौशिक व अध्यक्षता सांसद प्रतिनिधि देवशरण सेन ने की। विशेष अतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष धन्नूलाल सेन, सेलून संघ के जिलाध्यक्ष ईश्वर श्रीवास, जिला सेन समाज महामंत्री अनुप श्रीवास, जिला सेन समाज के पूर्व महासचिव मोती श्रीवास और मातृ शक्ति संयोजक निशा श्रीवास उपस्थित हुए। जिला मीडिया संयोजक इन्द्रद्वीप हीरा सेन ने बताया कि जन्म शताब्दी वर्ष के कार्यक्रम पर विजय कौशिक, देवशरण सेन, धन्नूलाल सेन, ईश्वर श्रीवास, मोतीलाल श्रीवास, अशोक सेन, बेनीमाधव सेन, बबला सेन, मातृ शक्ति निशा श्रीवास, ममता सेन, ईशा सेन, गौरी श्रीवास, कान्ति सेन, पायल श्रीवास, केशरी सहित अन्य ने कार्यक्रम को सफल बनाया। उक्त जानकरी जिला मीडिया प्रभारी प्रेमलाल सेन ने दी।

### ठाकुर समाज के लिए हमेशा आवाज बने

कार्यक्रम में विजय कौशिक ने ठाकुर के जीवन को याद कराते कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर बिहार सरकार के दो बार मुख्यमंत्री रहे। वे दलित, शोषित व पीड़ित समाज के लिए हमेशा आवाज बने। उन्होंने रुढ़ीवादी विचारों का विरोध करते अपनी माताजी के मृत्यु भोज नहीं कराकर सामाजिक जन चेतना जगाई तथा उन्हीं धन को समाज कार्य में लगा दिया था। देवशरण सेन ने कहा कि आज ठाकुर की 100वीं जन्मजयंती पर केंद्र सरकार द्वारा भारत रत्न प्रदान करना निश्चित ही कर्पूरी ठाकुर को सच्ची श्रद्धांजलि है। अनुप श्रीवास ने कहा कि ठाकुर शोषित, गरीब परिवार को न्याय और अधिकार दिलाने समाजहित में अपनी सेना बनाकर 400 बंदूके भी खरीद ली थी। सेलून संघ के जिलाध्यक्ष ईश्वर ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर का जीवन सामाजिक समरसता के कार्य, सामाजिक सद्भावना के साथ कार्य में लगा।

# वार्षिकोत्सव में रंगारंग प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ पटेवा



सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल पटेवा में वार्षिक उत्सव एवं प्रतिभावान छात्र सम्मान समारोह का आयोजन 26 जनवरी की किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डीआर साहू, एमएस राजपूत, जेआर साहू, एलएल साहू, टीआर हिरवानी, मुरली प्रसाद साहू, मानिक गुप्ता, चन्द्र देवांगन ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर किया। मुख्य अतिथि जनपद सदस्य डोमार साहू थे। अध्यक्षता तिलकराम सिन्हा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में सरपंच मिथिलेश साहू, दुर्गेश द्विवेदी, राजेश खांडेकर, पूनमचंद साहू, प्रमोद दुबे, जागेश्वर साहू, प्रह्लाद दुबे उपस्थित थे। इस दौरान शिशु मंदिर के भैया बहनों ने देश भक्ति एवं छत्तीसगढ़ की संस्कृति से जुड़े सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

### विद्यार्थियों का सम्मान

इस मौके पर अतिथियों द्वारा कक्षा दशम में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को सम्मानित किया। विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस मौके पर विधायक हर्षिता बघेल के प्रतिनिधि ने मंच निर्माण हेतु 2:50 लाख देने की घोषणा की।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन

**राजनांदगांव।** शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव में 25 जनवरी



को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। प्राचार्य डॉ. सुमन सिंह बघेल ने लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखने, स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते निर्भिक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा तथा अन्य किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में मताधिकार का प्रयोग करने संबंधी शपथ दिलाई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारी एवं 300 से अधिक छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

### पेंड्री मंडई आज

**राजनांदगांव।** सुकुलदैहान के समीप ग्राम पेंड्री में कल 29 जनवरी को मंडई-मेला का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम मनमोहने नाचा पार्टी ग्राम इंदामरा वालों का कार्यक्रम आयोजित है। समस्त ग्रामवासी पेंड्री ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम का आनंद लेने की अपील की है। उक्ताशय की जानकारी ग्राम पेंड्री के उपसरपंच मिथलेश सिन्हा ने दी।


सुमीत बाजार ™
25 Jan to 31 Jan 2024
₹ 126* में
फैशन परेड।
बाजार मूल्य ₹699 प्रति पीस
ब्रांडेड बैगपैक
₹ 126 में
₹1999 की खरीदी पर
बाजार मूल्य ₹699 प्रति पीस
एक्सपोर्ट क्वलिटी चटाई
5 x 7 size
₹ 126 में
₹2999 की खरीदी पर
बाजार मूल्य ₹1499 प्रति पीस वाली
ब्रांडेड डबलबेड बेडशीट सेट
₹ 126 में
₹3999 की खरीदी पर
बाजार मूल्य ₹2999 प्रति पीस वाला
नोटिका ब्रांड डफल बैग
₹ 126 में
₹6999 की खरीदी पर
ट्रेवल ट्रॉली डफल बैग + किंगसाईज डबलबेड बेडशीट सेट
size 108 x 108
₹ 126 में
₹14999 की खरीदी पर
*condition apply
ऑफर स्टॉक रहने तक
ऑफर निश्चित खरीदी पर लागू
ऑफर आयटम समाप्त होने पर उसके स्थान पर दूसरा आयटम दिया जा सकता है
मेन्स • किड्स • टीन्स • पार्टीवियर • हैण्डलूम एवं गृह उपयोगी सामान
रायपुर
बैजनाथ पारा • सिटी सेंटर मॉल के बाजू, पंडरी • 139-140 टैक्सटाईल मार्केट, पंडरी • न्यू राजेन्द्र नगर • गली नं. 2, कटोरा तालाब मेन रोड, लाखेनगर • मंगल बाजार, गुढ़ियारी • कर्मा चौक के पास, रामनगर • मेन रोड, बिरगांव • बोरिया रोड, संतोषी नगर रायपुरा हास्पिटल के सामने, महादेव घाट • तेंदुआ रोड, हीरापुर • आरंग - स्टेट बैंक के बाजू, मेन रोड
सत्यम टॉकिज के पास, लिंक रोड, बिलासपुर • सुधीर एक्सरे के सामने, सुपेला भिलाई • उमदा रोड, सिरसा गेट, भिलाई-3 • गुरूद्वारा रोड, दुर्ग • सुमीत जंक्शन, पुलगांव चौक, दुर्ग मंडी परिसर, बसंतपुर रोड, राजनांदगांव • स्टेशन रोड, डोंगरगढ़ • अरोरा काम्प्लेक्स, दुर्ग रोड, बेमेतरा • लोहारा रोड, कवर्धा • बिलासपुर रोड, सिमगा • मेन रोड, महासमुंद गुरूद्वारा के सामने, सराईपाली • दुर्ग रोड, बालोद • मेन रोड, बागबाहरा • गंज रोड, नवापारा राजिम • बलौदा बाजार रोड, खरोरा • ऊपर-नीचे रोड के पास, कांकेर बस स्टैण्ड के सामने मेन रोड, कोण्डागांव • सिटी सेंटर, भाटापारा • मेन रोड, नुआपाड़ा • मेन रोड, खरियार रोड, उड़ीसा
ऑफर 31 जनवरी 2024 तक लागू है

### शहर और गांव में विविध आयोजन, उल्लास के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए ग्रामीण

# गणतंत्र दिवस के समारोह में दिखा देशप्रेम

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

नगर में गणतंत्र दिवस के अवसर पर उन विभूतियों को श्रद्धासुमन अर्पित किया गया जिन्होने आजादी के लिए अपने प्राण न्यौछावर किया। इस मौके पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इस दौरान नगर एवं आसपास के ग्रामों में देशभक्ति का माहौल रहा।

विकासखंड शिक्षा विभाग में बीईओ रामेन्द्र डडसेना, स्वामी आत्मानंद स्कूल में प्राचार्य हीरान्तक द्वेदी, कन्या स्कुल में प्राचार्य, शाला क्र. 2 में शाला प्रमुख खुर्शीद खान, आदर्श ज्ञान मंदिर में रामचंद यादव, विवेकानंद संस्कार स्कूल में प्राचार्य आदित्यदेव वैष्णव, मां शारदा स्कूल में प्राचार्य संगीता श्रीवास्तव, कृषि महाविद्यालय में एके गुप्ता ने ध्वजारोहण किया। इसी प्रकार जनपद कार्यालय में अध्यक्ष नीना ताम्रकार ने ध्वजारोहण किया। तहसील कार्यालय में तहसीलदार प्रीतम चौहान, नगर पंचायत में अध्यक्ष पार्तिका संजय महोबिया ने तिरंगा फहराया। इस दौरान सीएमओ कमल नारायण जंघेल, समस्त कर्मचारी एवं पार्षद उपस्थित थे।





नगर के ऐतिहासिक स्थल शहीद चौक मे नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती महोबिया ने ध्वजारोहण कर सलामी दी। कन्या शाला की बालिकाओं ने राष्ट्रगान प्रस्तुत किया। यहां नगर सहित ग्रामीण अंचल के लोगों ने 9 जनवरी 1953 में हुए गोलीकांड की दिवंगत आत्माओं को श्रद्धासुमन अर्पित किया। ऐतिहासिक फुटबाल मैदान में जनपद अध्यक्ष ने ध्वजारोहण कर मार्चपाष्ट की सलामी ली। मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया गया। यहां समस्त शैक्षणिक संस्थाओं के बच्चों ने शानदार विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

इसी प्रकार नगर की प्रतिनिधि संस्था प्रेरणा के सर्वकालीन संरक्षक एवं नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष शांति लाल सांखला ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में प्रेरणा के अध्यक्ष अशोक चन्द्राकर सहित सभी सदस्य उपस्थित थे। इसके उपरांत संस्था की ओर से मिष्ठान्न वितरण किया गया। आजादी के पूर्व से नगर में स्थित कांग्रेस कार्यालय में ब्लाक अध्यक्ष ने ध्वजारोहण किया।

#### कृषि महाविद्यालय

रानी अवंती बाई लोधी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अधिष्ठाता डॉ एके गुप्ता ने संविधान के महत्वों पर प्रकाश डाला एवं मौलिक अधिकारों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ बीएस असाटी ने संविधान दिवस की महत्ता के बारे में बताया। इस दौरान डॉ ओम नारायण वर्मा, डॉ. ओमप्रकाश सोनवानी, डॉ. पंकज भार्गव ने अपने विचार रखे। छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुती दी। मु ख्य अतिथि ने खेलकूद एवं मड़ई महोत्सव में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस मौके पर सहायक प्राध्यापक तामिन, डॉ एके नंदनवार, डॉ. सेवक ढेंगे, डॉ. कन्हैयालाल, रायसेन पाल, कोमल गांवरे, जलेश्वरी कंवर, पूर्णिमा निषाद सहित अन्य उपस्थित थे।

#### कल्लूबंजारी

**कल्लूबंजारी**। गणतंत्र दिवस समारोह शाला प्रांगण में आयोजित किया गया। सरपंच डोमेन कुमार पटेल ने तिरंगा फहराया। इस मौके पर प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक शाला प्रांगण में आंगनबाड़ी केन्द्रों, प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला एवं उच्चतर माध्यमिक शाला के छात्र-छात्राओं का सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। अध्यक्षता प्राचार्य जी कुंजाम ने किया।

# जनपद सदस्य ने सीसी रोड निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन

- निर्माण कार्य से ग्रामवासियों को मिलेगी राहत व सुविधा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

विगत दिनों जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 23 कवर्धा के जनपद सदस्य श्रीमती मीनाक्षी आसकरण ध्रुर्वे ने अपने जनपद के पंद्रहवें वित्त 2023-24 से 5.65 लाख रूपए की लागत से स्वीकृति देते हुए ग्राम पंचायत बरपेलाटोला में गौतम पटेल के बाड़ी से भोरमदेव मेन रोड़ तक 50 मीटर व अश्वनी पटेल के घर से ललित यादव के घर तक 17 मीटर तथा नयापारा स्कूल से आगे 75 मीटर सीसी रोड़ निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया।

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार सीसी रोड़ निर्माण कार्य की सौंगात मिलने से रहवासियों व राहगीरों तथा मोहल्लेवासियों को कीचड़ से निजात व राहत मिलेगा। जनपद सदस्य द्वारा क्षेत्र दौराकर कार्यक्रम के दौरान मोहल्लेवासियों को बारिश के दिनों में होने वाले समस्याओं को करीब से देखा और प्राथमिकता क्रम में रखते हुए जनपद सदस्य ने सीसी रोड़ बनवाना उचित समझकर राशि स्वीकृत की गई वहीं भूमिपूजन कार्यक्रम में मोहल्लेवासियों में भारी उत्साह नजर आए।



जिस पर ग्रामीण जनों ने जनपद सदस्य श्रीमती मीनाक्षी आसकरण ध्रुर्वे का आभार व्यक्त किया। इस भूमिपूजन कार्यक्रम में श्रीमती मीनाक्षी आसकरण सिंह ध्रुर्वे, सरपंच श्रीमती सीता लांझी, रामचन्द लांझी, रामशरण सिंह राजपूत, पंचगण नरेश पटेल, तारण पटेल, चंदाबाई पटेल, वरिष्ठ नागरिकगण जगत राम पटेल, मेलू पटेल, श्रीराम पटेल, रोहित लांझी, नोहर पटेल, रानी पटेल, राजेंद्र लांझी, पोकूराम पटेल, प्रमिला पटेल, प्यारीबाई पटेल, धनकुंवर पटेल, अमरीका बाई पटेल, घसनीन पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी गण उपस्थित थें।

### खबर संक्षेप

#### सिंचाई परियोजना के लिए बनाएं प्रस्ताव

**कवर्धा**। कबीरधाम जिला पूर्णतः कृषि प्रधान जिला है। इस जिले में औसत रूप से कम बारिश होती है, इसलिए यहां के किसानों को पर्याप्त सिंचाई की सुविधा नहीं मिल पाती है। इसे देखते हुए कवर्धा विधायक व उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को जिले के किसानों के लिए 10 नए सिंचाई परियोजना के निर्माण के लिए प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। जिसमें जमुनिया नाला को सुतियापाठ जलाशय से लिंक करने के लिए फिटर केनल निर्माण के लिए कार्ययोजना बनाने कहा है। ताकि जरूरी प्रक्रिया पूरी करने और के बाद इस पर जल्द से जल्द काम शुरू कर सकें। ताकि किसानों को सिंचाई सुविधा के लिए पर्याप्त जल पूर्ति हो सकें।

# राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता में जिले की दो छात्राओं का चयन

- शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राओं ने शुभकामनाएं दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय बोड़ला के दो छात्राओं का चयन विश्वविद्यालय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का लिए हुआ है। जिसमें बीए प्रथम वर्ष की छात्रा अनिता खुसरो का चयन विश्वविद्यालय स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता के लिए हुआ है जबकि बीकॉम अंतिम वर्ष की छात्रा मनीषा धुर्वे का चयन राज्य स्तरीय एथलेटिक के लिए हुआ है। हॉकी में अनिता का चयन पहले राज्य स्तरीय कैंप दुर्ग 14 से 18 जनवरी के लिए हुआ उसके बाद 21 से 24 जनवरी तक विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता के





लिए भुवनेश्वर, उड़ीसा में शामिल हुई हैञ। खिलाड़ी अनिता का उत्कृष्ट प्रदर्शन पर महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय है बोड़ला ब्लॉक के ग्रामीण अंचल से पहली बार किसी खिलाड़ी छात्रा का चयन विश्वविद्यालय स्तर पर हुआ है। इसी तरह बीकॉम फाइनल की छात्रा मनीषा धुर्वे का भी एथलेटिक्स दौड़ में राज्य स्तरीय खेल के लिए चयन होना महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के लिए प्रेरणादायक है। उक्त दोनों छात्राओं ने राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर तक बोड़ला कॉलेज का नाम रोशन किया है जिससे महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं व प्राध्यापक गण में हर्ष व्याप्त है। वहीं खेल प्रभारी के अनुसार इस चयन का कारण योजनाबद्ध रूप से खेल तथा अन्य गतिविधियों का संचालन करना रहा है। आगामी समय में बोड़ला महाविद्यालय से और भी उत्कृष्ट प्रतिभागी निकले इसके लिए योजनानुसार कार्य जारी है, जो राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलों का प्रतिनिधित्व करेंगे। छात्राओं के इस उपलब्धि पर प्राचार्य आरके पाठक, आईक्यूएसी प्रभारी उमेश पाठक, खेलकूद प्रभारी आरके गौतम, वरिष्ठ प्राध्यापक सनत कुमार देवांगन, योगेश ध्रुव सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राओं ने बधाई व शुभकामनाएं दी।

# शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुण्डा ने धूमधाम से मनाया 75 वां गणतंत्र दिवस




हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

पंडरिया विकासखण्ड कुण्डा स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कुण्डा में प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुण्डा में बड़े हर्षोउल्लास के साथ 75वां वर्षगांठ मनाया गया। जिसमें अतिथियों का स्वागत शासकीय उत्तर माध्यमिक विद्यालय के भारत स्काउट-गाइड विद्यार्थियों द्वारा मार्च पास्ट के माध्यम से स्वागत किया पश्चात झंडा रोहण के बाद मार्च पास्ट के माध्यम से स्काउट-गाइड एवं एनएसएस के साथ-साथ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, प्राथमिक शाला के छात्र द्वारा सलामी दी गई। कार्यक्रम की शुरूआत सीएल चंद्राकर ने किया था जिसके कर कमलों द्वारा कुण्डा हाई स्कूल में लगभग 25-30 छात्र-छात्राएं भारत स्काउट-गाइड में राष्ट्रपति अवार्ड प्राप्तकर चुके हैं एवं प्रतिवर्ष राष्ट्रपति एवं राज्यपाल के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुण्डा के छात्रों का सलेक्शन होता है, इसी परिपेक्ष में यहां के छात्र खेल-कूद एवं भारत स्काउट-गाइड में अपनी रुचि दिखाकर राज्य स्तरीय एवं नेशनल के लिए चयनित होते हैं।

वहीं विद्यार्थियों द्वारा अलग-अलग राष्ट्र एवं सुआ, ददरिया व छत्तीसगढ़ियां नाच, पंथी एवं शौर्य प्रदर्शन किया। जिस पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में समाज सेवी सुरेंद्र सिंह खनूजा द्वारा लाखों रुपए की खर्चे पर ग्रंथालय खोलने का घोषणा किया इसके लिए स्कूल स्टाफ एवं आए हुए जनप्रतिनिधियो ने सुरेन्द्र खनूजा को बधाई दी एवं जनप्रतिनिधियों ने छात्र-छात्राओं के प्रोत्साहन के लिए पुरस्कार साथ ही साथ उत्कृष्ट कार्य करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

इस दौरान विशेष कर भारत स्काउट गाइड, पंचायत महेश्वर साहू, प्राचार्य गुरदीप सिंह मक्कड़, समाजसेवी सुरेंद्र सिंह खनूजा, रामस्वरूप साहू, घनश्याम यादव, पंचगण, निलेश गुप्ता, रमन खनूजा सहित जनप्रतिनिधि गण गणमान्य नागरिक गण तथा ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित थें।

# सारंगपुर खुर्द स्कूल के छात्र-छात्राओं के साथ ग्रामीणों ने मनाया गणतंत्र दिवस

- नागरिक व पालकों में दिखा देशभक्ति का जज्बा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

विकासखंड कवर्धा के अंतर्गत ग्राम सारंगपुर खुर्द में प्राथमिक शाला संचालित हो रहा है जहां 26 जनवरी को पूरे गांव एकत्रित होकर तिरंगे झंडे फहराया गया और छात्र-छात्राओं ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिसमें देशभक्ति गीत, भाषण, कविता, डीजे के धुन में छत्तीसगढ़ी गीत का शानदार प्रस्तुत किया गया। वही अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। जिसमें ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। स्कूली बच्चों की सांस्कृतिक कार्यक्रम देखकर नागरिकों के मन उत्साहित रहा और



पूरे गांव काम बंद कर राष्ट्रीय पर्व का त्योहार मनाई गई और खेलकूद स्वच्छता एवं अन्य गतिविधि कार्यक्रम में अच्छे उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्र-छात्राओं को शिल्ड और कप व पेन, कॉपी, पुस्तक और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के पश्चात छात्र-छात्राओं और ग्रामीण नागरिकों को लड्डु वितरण किया गया। कार्यक्रम में सुनील ठाकुर, लेखू राम धुर्वे, पीतांबर, रोहित ठाकुर, दिलीप मरकाम, राजू धुर्वे, शंकर धुर्वे, कल्याण सिंह ठाकुर एवं स्कूल के प्रधान पाठक रीना पाली, पूर्णिमा चंद्रवंशी तथा स्टाफ सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं व ग्रामीण जन उपस्थित थें।

# बोड़ला में निःशुल्क नेत्र निदान एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर लगा




**हरिभूमि बोडला**। नगर पंचायत बोडला में स्व. श्याम लाल गुप्ता के स्मृति में निःशुल्क नेत्र निदान शिविर एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन का सफल आयोजन संपन्न हुआ। यह आयोजन नगर के दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर प्रांगण में संपन्न हुआ इस शिविर में आर्थिक रूप से कमजोर मोतियाबिंद से पीड़ित मरीजों को जांच कर उसे निःशुल्क आपरेशन के लिए रायपुर ले जाया गया। इसका मुख्य आयोजक संदीप गुप्ता ने बताया की क्षेत्र की लोगों की सेवा करना उनकी पहली प्राथमिकता है, इसी भाव को लेकर निःशुल्क शिविर का आयोजन किया गया आगे भी इस तरह का सेवा कार्य निरंतर किया जाएगा। एमजीएम नेत्र संस्था रायपुर द्वारा मरीजों को ले जाने और लाने एवं भोजन, दवाई, चिकित्सा सभी निः शुल्क होगी।

# ग्रेसियस कॉलेज में मनाया राष्ट्रीय पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

स्वतंत्र भारत के 75वां राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के अनुसार ग्रेसियस नर्सिंग एवं फार्मेसी कॉलेज में धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ 26 जनवरी मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीनियर सिटीजन समिति अध्यक्ष मदन तंबोली सेवानिवृत्ति अकाउंटेंट बालकों द्वारा ध्वजारोहण किया गया। छात्रों द्वारा राष्ट्रगान के पश्चात भव्य झांकी एवं मार्च पास्ट का प्रदर्शन किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में गणतंत्र दिवस के महत्व को बताते हुए कहा गया कि आज के दिन ही सन 1950 में हमारे देश का संविधान लागू किया गया तब प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद द्वारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया गया था। दिल्ली के पुराने किले इर्विन स्टेडियम के सामने के मैदान में आयोजित कार्यक्रम में 30000 से अधिक सैनिकों ने एवं 100 से



अधिक एयरक्राफ्ट द्वारा सलामी दी गई थी। हम आज गणतंत्र का 75वां गणतंत्रता दिवस मना रहे हैं, आज के दिन सन 1930 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा पूर्ण स्वतंत्रता की घोषणा की गई थी। इसके सविधान की रक्षा करना पालन करना हमारा परम कर्तव्य है। कार्यक्रम में उपस्थित सीनियर सिटीजन समिति के सांस्कृतिक सचिव, कवि एवं मंच के प्रखर कलाकार राजेश कुमार पांडेय द्वारा बताया गया कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के अध्यक्षता में संविधान कमेटी द्वारा रचित संविधान में सभी को समान अधिकार दिए गए हैं एवं सभी के मौलिक अधिकारों की रक्षा की गई है। कार्यक्रम का समापन मुख्य अतिथि के द्वारा उपस्थित समस्त मिष्ठान वितरण के साथ किया गया।

# स्वयंसेवकों ने किया जागरूक, शिविर में विभिन्न गतिविधि संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ़ की रासेयो इकाई ने सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत ढारा में प्राचार्य डॉ ईवी रेवती के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी हेमूराम पदमे एवं नीलम चतुर्वेदानी के नेतृत्व में किया।

गत 18 जनवरी तक आयोजित शिविर में नशा मुक्त समाज के लिए युवा थीम पर विभिन्न जागरूकता रैली एवं गतिविधियां आयोजित की गई । समापन समारोह में मुख्य अतिथि प्राचार्य दिग्विजय महाविद्यालय राजनादगांव डॉ. के.एल. टांडेकर थे। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ रेवती ने किया। विशिष्ट अतिथि जिला संगठन अधिकारी डॉ,सुरेश पटेल, सरपंच राजेंद्र जंघेल आदि थे। बौद्धिक चर्चा के तहत अशोक पांडे ने सड़क सुरक्षा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के हितेन्द्र कोसले ने नशा मुक्ति समाज, गुलशन सिन्हा, वेदप्रकाश साहू कैरियर गाइडेंस, डॉ आरआर कोचे ने नारी सशक्तिकरण, ओमप्रकाश वर्मा, जीवन एक संघर्ष पर सोनाली लोया ने जानकारी दी। स्वयंसेवकों ने स्वच्छता से संबंधित विभिन्न गतिविधियां संचालित की। शाम को



सांस्कृतिक कार्यक्रम, नाटक, गीत, संगीत के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया।

अंतिम दिन उत्कृष्ट स्वयंसेवक-स्वयंसेविकाओं आदि को सम्मानित किया गया। समापन कार्यक्रम में डॉ. प्रदीप जाम्बुलकर, डॉ आशा चौधरी, डॉ. मुन्नालाल नंदेश्वर, नितेश तिरपुडे, जीके यादव, वेद प्रकाश साहू, ओमप्रकाश वर्मा, अविनाश सिंह, सोनाली लोया, डॉ नीता राजपूत, डॉ. नौशीन अंजुम, डॉ. येशुकृति हजारे, अनिमा मिंज, पदमा खुटे, लीलाराम देवांगन, रोशन साहू, वासुदेव साहू, मनीषा भेडिया, एवलाल मेश्राम, अंजलि देवांगन, नीलम सिन्हा, प्रिया ठाकुर, तूलिका चक्रवर्ती, ऋचा अग्रवाल, प्रभात बैस, मोनिका, ज्योति साहू, जेके देवांगन, केजी सोनकर, नितिन शांडिल्य, संदीप गजभिये, सुशील सोनवानी, विक्की रामटेके, रोशन वर्मा, राजाराम सिंह, वीरेंद्र सिंह, कौशल, अविनाश टेम्भुरकर, प्रज्जवल गेडाम, मयूरी, मानसी, पायल, वैशाली, दीपशिखा, निकिता, रमन साहू, डागेश्वर आदि उपस्थित थे। संचालन नीलम चतुर्वेदानी एवं आभार प्रदर्शन हेमूराम पदमे ने किया।

# मंडलियों ने दी मानस की प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

नगर के पंडरिया वार्ड एक दैहान चौक में श्रीराम चरित मानस गान का आयोजन किया गया । दूर दूर से आई मंडलियों ने श्रोताओ को राम कथा का रसपान करवाया। यह आयोजन नव युवा मंडल ने नगरवासियों के सहयोग से किया था। समापन के मौके पर शोभायात्रा निकाला गया। शोभायात्रा पंडरिया के विभिन्न मार्गों से गुजरी इस दौरान नगरवासियों ने पूजा अर्चना कर स्वागत किया। 5 दिनों तक चले सम्मेलन में 25 मंडलियों ने प्रस्तुती दी।

अंत में बेस्ट मंडलियों सहित नगर के युवाओ और प्रबुद्धजनों को गमछा भेट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर रेवाराम पटेल, रामप्रसाद साहू, हेमलाल यदु, हेमंत झरिया, तामेश्वर साहू, गजराज यादव, द्वारिका साहू, रामकृपाल डहरिया, संतोष सिन्हा आदि मौजूद थे। संचालन बालकिशन यादव, अलख साहू एवं संजय साहू ने किया।



ज्योतिषी

बना बनाया काम बिगड़ना, ऊपरी हवा,पति पर स्त्री के वस में होना, शराब छुड़ने की गारंटी, वशीकरण मोहनी की गारंटी के साथ घरेलू समस्या, बच्चों का मन पढ़ाई में न लगना, शादी विवाह में अड़चन, प्रेम विवाह, सभी समस्या का निवारण, तंत्र-मंत्र वैदिक पद्धिति के द्वारा स्थायी हल।

पता- दीपक महाराज
रायपुर नाका, घोठिया रोड ज्योति विद्या मंदिर हाईस्कूल के पीछे कवर्धा
Mo. 9300415345

पाठक सूचना

कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425554555, 8889139071

## खबर संक्षेप

### ममता चंद्राकर नें अलका लांबा को गुलदस्ता भेंटकर बधाई दी



**पाण्डातराई।** राष्ट्रीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष बनने के बाद प्रथम छत्तीसगढ़ आगमन पर पंडरिया पूर्व विधायक एवं प्रदेश उपाध्यक्ष महिला कांग्रेस कमेटी श्रीमती ममता चंद्राकर रायपुर राजीव भवन श्रीमती अलका लांबा को गुलदस्ता भेंटकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### हरिनछपरा में गणतंत्र दिवस की रही धूम



**बरबसपुर।** ग्राम पंचायत हरिनछपरा में 75वां वर्षगांठ गणतंत्रता दिवस हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया। शासकीय माध्यमिक शाला व शासकीय प्राथमिक शाला, पंचायत भवन, आंगनबाड़ी के साथ ही साथ घर-घर गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा आन-बान-शान से फहराया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच आनंद दास बघेल द्वारा तिरंगा फहराया। इसी तरह सभी अलग-अलग जगह पर मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजा रोहण किया गया, 75वां गणतंत्रता दिवस शासकीय विद्यालयों द्वारा डीजे व पारंपरिक बैंड बाजा की धून व भारत माता की जयकारा के साथ गांव में प्रभात फेरी निकाली गई।

**कथा:** पं धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को सुनने उमड़ी लाखो की भीड़, सुनाई हनुमंत कथा

# जो सत्य कहने की क्षमता रखता है वहीं राजा बनता है : बागेश्वर सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

प्रसिद्ध कथावाचक बागेश्वर धाम सरकार पं धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का आगमन रविवार को कवर्धा शहर में हुआ। कवर्धा स्थित नया बस स्टैंड के पास घोठिया कृषि फार्म मैदान में 28 से 30 जनवरी तक हनुमंत कथा का वाचन पं शास्त्री करेंगे। जिले में तीन दिवसीय इस हनुमंत कथा में हनुमान जी की कथा करेंगे, पं धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री महाराज की कथा के प्रथम दिन कथास्थल पर लाखो की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रोताओ को संबोधित करते हुए पं शास्त्री ने कहा आज का दिन मेरे लिए बहुत खास है। मैं कबीर की नगरी कबीरधाम आया हूँ, धर्म विरोधियों की ठठरी बंध जाएगी। बागेश्वर सरकार श्री शास्त्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में सरकार बदल गई है हम ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री से कहा है कि प्रदेश का भरपूर विकास हो मानवता के विरोधियों पर कड़ी कार्यवाही हो ताकि वो सनातनियो पर नजर उठाकर नही देखे। हम किसी राजनीतिक पार्टी के सपोर्टर नही पर जो राम का है हम उसके है। हनुमान चालीसा की चौपाई दुर्गम काज जगत के जेते सुगम अनुग्रह तुम्हारे लेते से कथा की शुरुआत की। उन्होने कहा कि जहां जहां हनुमान कथा होती है वहां वहां से दुष्ट शक्तियां भाग जाती है। हनुमान जी महाराज की पूजा व दर्शन करने से सभी काम पूर्ण होते है जो सत्य कहने की क्षमता रखा है वही राजा बनता है। हम किसी धर्म या मजहब के विरोधी नही किन्तु जो सनातनियो पर आवाज उठाएगा हम उसके विरोधी है। हम बाबर व रावण के पुजारी नही हम प्रभु श्रीराम के पुजारी है। श्री शास्त्री ने कई उपाय भी बताएं उसे पांच मंगलवार हनुमान जी को नहाया हुआ जल पिला दो तो मंदबुद्धि बच्चे की बुद्धि ठीक कर देगा।






### हम सरकार के पक्ष में नही पर बुलडोजर के पक्षधर हैं

कथा स्थल से पंडित शास्त्री ने कहा कि कवर्धा में भी बुलडोजर चल गया जामवंत ने हनुमान जी से कहा आप मीडिया वाले काम करो लंका से खबर लाओ, छत्तीसगढ़ सरकार भी थोक में कार्य कर रही है हम सरकार के पक्ष में नही पर बुलडोजर के पक्ष धर है। हुनमान जी थोक में कार्य करते है संजीवनी बूटी मंगाए तो पहाड़ उठा लाय वैद लाने कहा तो पूरा घर उठा लाएं। हनुमानजी ने जानकी माता का पता लगाया भय में पड़ोगे तो बिखर जाओगे भगवान के भाव मे रहोगे तो निखर जाओगे कुछ लोग अजमेर चले जाते है कुछ लोग रविवार को चले जाते है दूसरे घर जाता है महाराज जी ने कथा व्यासः पीठ से कहा कि हनुमान जी मे पान के पत्ते में लाल चंदन से राम लिखकर 108 पान के पत्ते की माला चढ़ाओगे 21 शनिवार तक तो काम पूरा हो जाएगा। पं धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने हनुमंत भजन सुनाए हनुमान भक्त श्रद्धालु की धुन का आनंद लेते हुए झूमते नजर आए।

### आज सजेगा भव्य दिव्य दरबार

आयोजन स्थल घोठिया कृषि फार्म मैदान पर 29 जनवरी को 11 बजे कथा स्थल में दरबार सजाया जाएगा, जिसके लिए कई दिनों से अपनी बारी का इंतजार करते दिखेंगें भक्त। कार्यक्रम के दौरान पं. शास्त्रों ने कई भजनों की प्रस्तुति दी। कथास्थल में पहले दिन से भक्तों की लबी कतार देखने को मिली। कथा सुनने हर आयु वर्ग के लोग पहुंचे थें, युवा भी बड़ी संख्या में कथा सुनने पहुंचे थें। सर्वाधिक संख्या महिला भक्तों की रही। भक्तों की भीड़ को देखते हुए विशाल पंडाल सहित पर्किंग व अन्य व्यवस्थाएं भी की गई है।

### मृतक साधराम के घर जाकर शोक संतप्त परिवार से की मुलाकातः पं शास्त्री



कथा समाप्ति के पश्चात देर शाम खेडापति दादा के दर्शनकर लालपुर निवासी गौसेवक स्व. साधराम के परिजनों से मिलने पहुंचें। पं धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने लालपुर जाकर उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। श्री शास्त्री ने कहा कि गौ माता की सेवा करने वाले निर्दोष साधराम की हत्या सिर्फ ईगो हठ होने से कर दी उन अपराधियो को कड़ी से कड़ी सजा होनी चाहिए हम कल मंच से अपने शिष्यों से कहेंगे कि निर्दोष गौ सेवक के परिवार को आर्थिक सहयोग करे।आज हमने ढाई लाख की सहायता की है । पं शास्त्री ने कहां कि हिंदुओ को एक होने की जरूरत है नही तो और कई निर्दोष इनके शिकार हो जाएंगे।

## ग्रामीण किसान 31 सौ धान खरीदी व महिलाएं महतारी वंदन योजना का इंतजार कर रही हैं: दिनेश पांडेय

- भाजपा सरकार की घोषणा का इंतजार में ग्रामीण व महिलाएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी द्वारा सरकार बनने के पहले जो वादे किए थें। चुनाव प्रचार प्रसार के दौरान किसानों की धान खरीदी 31 सौं रूपए व महिलाओं को महतारी वंदन योजना अंतर्गत प्रतिमाह 1000 रूपए देनें की घोषणा की गई। लेकिन भाजपा के सरकार बनने के दो माह भी छत्तीसगढ़ के किसानों को अभी तक भारतीय जनता पार्टी द्वारा मोदी के गारंटी का घोषणा के अनुसार छत्तीसगढ़ में भाजपा द्वारा घोषणा किया था कि चुनाव जीतने के बाद किसान के धान 31 सौ रुपए में खरीदा जाएगा, लेकिन अभी तक 31 सौं रूपए का कोई अता-पता नहीं है वहीं महिलाओं के लिए महतारी वंदन योजना देने का भी घोषणा किया गया था लेकिन आज महिलाओं को इंतजार करना पड़ रहा है।



जिस पर कोलेगांव निवासी दिनेश पांडेय ने बताया कि भूपेश सरकार ने जो घोषणा किया था वह बनते ही किसानों का कर्ज माफ और तत्काल किसानों को 26 सौं में धान खरीदकर किसानों को तोहफा दिया गया था। कांग्रेस सरकार जो किसानों के लिए कहा था उसे वह करके दिखाता है, लेकिन भाजपा द्वारा चुनाव के पहले जो वादे किया था लेकिन वह अभी तक नहीं किया गया, जिसका इंतजार ग्रामीण किसान एवं महिलाएं भाजपा सरकार के घोषणा इंतजार कर रहें है। श्री पाण्डेय ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी को बस यही बात है कि कांग्रेस जो कहता है वह करके दिखाता है और भारतीय जनता पार्टी का झूठ बोलना एक काम है।

### राशन कार्ड का नवीनीकरण शुरू

**हरिभूमि कवर्धा।** जिले के सभी राशन कार्ड का नवीनीकरण शुरू हो गया है। इसके लिए अंतिम तारीख 15 फरवरी तक निर्धारित किया गया है। ऑनलाइन एप के माध्यम नवीनीकरण किए गए राशन कार्ड की वितरण का समय 1 से 29 फरवरी तक रहेगा। ई-केवाईसी की अंतिम तारीख 29 फरवरी निर्धारित की गई है। नवीनीकरण की प्रक्रिया के तहत राशन कार्ड के क्यू आर कोड स्कैन या राशन कार्ड नंबर और राशन कार्ड में सीडिंग कराए गए मोबाइल नंबर की एंट्री कर किया जा सकेगा। अधिक जानकारी के लिए राशन दुकान या खाद्य विभाग में संपर्क किया जा सकता है।

## विनायक पब्लिक इंग्लिश मीडियम स्कूल कवर्धा में शान से लहराया तिरंगा



**हरिभूमि कवर्धा।** नगर के प्रतिष्ठित विनायक पब्लिक इंग्लिश मीडियम स्कूल रामनगर कवर्धा में 75वां गणतंत्र दिवस की शुभ अवसर पर ध्वजारोहण का कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लाह पूर्वक मनाया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम का आगाज विद्या की देवी मां सरस्वती, मां भारती व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर के तैलचित्र पर दीप प्रज्जवलन कर एवं पुष्पांजलि व फूलमाला अर्पीत कर कार्यक्रम का श्री गणेश किया गया। तत्पश्चात ध्वजारोहण का कार्यक्रम राष्ट्रगान और राजकीय गीत के साथ सम्पन्न किया गया, ध्वजारोहण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए स्कूल के चेयरमैन डॉ नारायण साहू व विशेष अतिथि जयप्रकाश लोधी अध्यक्ष लोधी समाज एवं श्रीमती लक्ष्मी साहू अध्यक्ष विनायक पब्लिक इंग्लिश मीडियम स्कूल कवर्धा व विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ प्रफुल्ल शर्मा, डॉ भारती गुप्ता, डॉ प्रमोद गुप्ता, सनत साहू, देवा चौबे, , मनोज पांडेय, लाला कौशिक सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत बुके और बैच लगाकर किया गया। तत्पश्चात स्कूल एकेडमी प्राचार्य द्वारा सभी का अभिनंदन करते हुए स्वागत उद्बोधन के बाद कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि ने सभी को 75वां गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारा भारत देश लंबे अरसे तक अंग्रेजों के शासन काल में रहा। अंग्रेजों के चंगुल से छुड़ाने के लिए अनेक योद्धाओं ने अनेक बार युद्ध लड़ा, सिमा पर अनेक वीर विरंगनाओं ने युद्ध किया, उनके सतत प्रयास से लंबी लड़ाई लड़ी गई। अनेक राजनेताओं, वीर जवानों एवं देशभक्तों अपना जीवन बलिदान कर दिया। खून की नदियां बहीं, तब कहीं जा करके 15 अगस्त सन 1947 को हमारा भारत देश आजाद हुआ। आजादी मिलने के बाद पार्लियामेंट बोर्ड का गठन किया गया। और संविधान बनाने के लिए डॉ भीमराव अंबेडकर को जवाबदेही दिया गया। बाबा साहब ने ऐसा संविधान पेश किया की भारत देश की संविधान को आज पूरे विश्व में सबसे बड़ा संविधान के रूप में जाना जाता हैं। और आगे संविधान निर्माण करने के बाद सर्व सहमति से प्रस्ताव लाया गया। जिसके परिपेक्ष में सर्वसम्मति से 26 जनवरी सन 1950 को लागू किया गया। तब से लेकर आज तक पूरे भारतवर्ष में बहुत ही हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ स्वतंत्र भारत का गणतंत्रता दिवस का यह महापर्व प्रतिवर्ष 26 जनवरी को मनाया जाता है। वहीं कार्यक्रम की अगली कड़ी में विद्यार्थियों द्वारा शानदार मनमोहक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुति के साथ स्कूल के सभी नन्हे-मुन्ने छात्र-छात्राओं द्वारा कविता, भाषण, गायन देशभक्ति नृत्य नैना भीराम प्रस्तुति दी गई। स्कूल प्रांगण में युवा महोत्सव के शुभ अवसर पर आयोजित दो दिवसीय खेल महोत्सव के परिपेक्ष में प्रतिभावान छात्र-छात्राएं जिन्होंने अपनी प्रतिभा दिखाते हुए खेल में प्रथम स्थान प्राप्त किया था उनको गोल्ड मेडल एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को सिल्वर मेडल पहनाकर सभी बच्चों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के अंत में स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर रविन्द्र शर्मा द्वारा आभार प्रगट किया।

## बॉल बैडमिंटन में जिले की जूनियर बालिका टीम आठवीं बार राज्य चैंपियन बनी



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

राज्य स्तरीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता मेमं 23वीं छत्तीसगढ़ जूनियर बालक एवं बालिका का आयोजन 19 से 21 जनवरी तक जिला गरियाबंद के राजिम में आयोजित किया गया, इस प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों से बालक एवं बालिका टीमों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

जिसमें कवर्धा जिले की बालिका टीम ने अपने सभी लींग प्रतियोगिता में जीत हासिल करते हुए शानदार पॉइंट के साथ क्वाटर फाइनल में प्रवेश किया और दुर्ग के बीच मैच खेला जिसमे स्कोर 35-15, 35-05 के साथ लगातार 2 सेट से मैच में विजय प्राप्तकर सेमी फाइनल में प्रवेश किया। जिसमे बस्तर विरुद्ध कबीरधाम के मध्य खेला गया जिसमें कबीरधाम ने 35-30, 35-24 से विजय हासिल कर फाइनल में अपनी जगह बना ली।

वहीं बालिका वर्ग में फाइनल मुकाबला महासमुंद विरोध कबीरधाम के मध्य खेला गया, इस फाइनल मैच में कबीरधाम ने 35-24, 35-19 से विजय हासिल की और जूनियर वर्ग में लगातार 8वां बार स्टेट चैम्पियन का रिकॉर्ड बनाया। जिसमें बालिका टीम के चयनित सदस्य मीरा साहू, रिया तिवारी, लता साहू, राधा झरिया, आस्था ध्रुर्वे, रोशनी राजपूत, तमन्ना जायसवाल, रामेश्वरी वर्मा, देविका सोनवानी, तृप्ति सिंह, एकांक्षा श्रीवास एवं सहयोगी कोच के रूप में प्रतीक्षा भलावी शामिल थी। वहीं जिले के बालक टीम क्वाटर फाइनल पहुंची और बलौदाबाजार को 35-31, 35-33 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश की जिसमे कवर्धा विरुद्ध दुर्ग के बीच खेला गया जिसमें पहले सेट में 35-25 से जीत के बाद लगातार 2 सेट में मैच हार गई जिसके बाद तीसरे स्थान के लिए कवर्धा विरुद्ध धमतरी खेला गया, जिसमे कवर्धा ने धमतरी को हराकर तीसरा स्थान हासिल किया। जिसमें बालक वर्ग में चयनित सदस्य बंटी चंद्रवंशी, सागर चंद्रवंशी, राहुल कुंभकार, अथर्व मिश्रा, सुमीत ठाकुर, सिद्धार्थ मीरे, श्लोक झरिया, सिद्धांत वर्मा, आदित्य चंद्रवंशी टीम के सहायक कोच के रूप में राहुल यादव शामिल किया गया था। साथ ही साथ कोच अविनाश चौहान ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियो का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु किया गया। जिसमे सभी जिलो के चयनित 20 की टीम में कवर्धा के 5 खिलाड़ी जिसमें मीरा साहू, रिया तिवारी, लता साहू, रोशनी राजपूत व बंटी चंद्रवंशी शामिल है। यह चयनित खिलाड़ी बिहार के पटना में 8 मार्च से होने वाले राष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधत्व करेंगे।

### राज्य स्तरीय में लगातार 8वीं बार जीतकर रिकॉर्ड बनाने पर बधाई दी

बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता में खिलाड़ियो के राज्य स्तरीय में लगातार 8वीं बार जीतकर रिकॉर्ड बनाने और राष्ट्रीय स्तर चयन होने पर जिला वनमंडलाधिकारी चूड़ामणि सिंह, सीईओ जिला पंचायत संदीप अग्रवाल ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी साथ ही साथ जिला शिक्षा अधिकारी महेन्द्र गुप्ता, बॉल बैडमिंटन संघ अध्यक्ष अजीत चंद्रवंशी, रामकृष्ण पब्लिक स्कूल की प्राचार्या एम शारदा, प्रबंधक रामकृष्ण स्कूल आदित्य सिंह, पूर्व जिला क्रीड़ा अधिकारी एचडी कुरैशी, पूर्व सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी श्री महोबिया, पीटीआई दिनेश साहू, अश्वनी चंद्राकर, जितेन्द्र वैष्णव कोच एवं सचिव अविनाश चौहान, जय-किशन चौहान, राजा जोशी, रामू सिंह, लता साहू, तिजेश्वरी मेरावी, सुमित निषाद, अनिल चंद्रवंशी ने चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

## संस्कार पब्लिक हाईस्कूल कोलेगांव में वार्षिकोत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव की संस्कार पब्लिक स्कूल में प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी वार्षिकोत्सव का आयोजन 28 जनवरी को किया गया। जिसमें गणमान्य नागरिकों कें उपस्थिति में यह वार्षिकोत्सव का कार्यक्रम कें मुख्य अतिथि तुलस कश्यप एवं विशिष्ट अतिथि रामाधार शर्मा, पवन शर्मा, दिनेश पांडेय, अमित चंद्रवंशी, जोतराम साहू, डॉ संतोष साहू, परमेश्वर साहू, हेमंत सिंहरोल, बैजनाथ सिंहरोल, प्रेमलाल सिंहरोल, श्रवण यदु, नर्मदा साहू, रामेश्वर साहू, उतरा साहू, प्राचार्य संजय वैष्णव, निरंजन दास वैष्णव द्वारा वार्षिकोंत्सव में मां सरस्वती के तैलचित्र में विधि-विधान से पूजा-अर्चनाकर किया गया। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा शानदार मनमोहक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। जिसमें कर्मा, ददरिया, गरबा, देशभक्ति के साथ-साथ राउत नाचा का भी आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष सहयोग रहा संस्कार पब्लिक के प्राचार्य विजय वैष्णव के साथ-साथ ग्रामवासियों का सहयोग रहा।

**मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ की 32 टीमों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा**

## टेनिस बॉल प्रतियोगिता में चिल्फी टीम विजयी



हरिभूमि न्यूज ⏭चिल्फी घाटी

टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन स्व. शिवकुमार धारवैया की स्मृति आयोजित किया गया। जिसमे मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ की 32 टीमों ने हिस्सा लिया था, जिसका फाइनल मैच गणतंत्र दिवस के दिन चिल्फी घाटी व रेलवाही के मध्य खेला गया जिसमे टॉस हारकर चिल्फी घाटी की टीम ने बैटिंग करते हुए जिसमें कप्तान निखिल व ललित की शानदार बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवरों में 137 रनों का लक्ष्य रेलवाही के लिए रखा। वहीं रनों का पीछा करने उतरी रेलवाही की टीम ने अच्दी बल्लेबाजी करते हुए शुरुआती 3 ओवरों में ही 62 रन बना दिए, लेकिन चिल्फी घाटी की टीम से शानदार वापसी करते हुए व निरंतर अंतराल में विकेट लेते हुए मैच में शानदार वापसी करते हुए मैच को और रोमांचक बना दिया। अंतिम ओवर में रेलवाही को जीत के लिए 6 गेंदों में 7 रनों की जरूरत थी, लेकिन मोहनीश व अनिल देशमुख की शानदार कसी हुई गेंदबाजी की बदौलत चिल्फी की टीम ने 2 रनों से शानदार जीत दर्ज की।

### विजेता टीम को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

टेनिस बॉल प्रतियोगिता में विजेता टीम चिल्फी घाटी को प्रथम पुरस्कार 31 हजार व ट्रॉफी दी गई। वहीं उपविजेता टीम रेलवाही को 15 हजार व ट्रॉफी मुख्य अतिथि नितेश अग्रवाल द्वारा प्रदान किया। विशिष्ट अथिति के रूप रेंगाखार मंडल के महामंत्री प्रकाश धारवैया, उपाध्यक्ष राजेश निषाद, जीवन मानिकपुरी, जागेश सोनवानी, राजेश सोनवानी, लालाराम यदु, बृजेश तिवारी, सरपंच प्रतिनिधि अनिरुद्ध पनरिया का आयोजन को सफल बनाने में विशेष योगदान रहा।

## जवाहर नवोदय विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मना गणतंत्र दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले के जवाहर नवोदय विद्यालय उड़िया-कला में 75वां गणतंत्र दिवस आन-बान-शान एवं आत्मिय भावों को लेकर हर्षोल्लास व धूमधाम से विद्यालय परिवार एवं छात्र-छात्राओं द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य प्रभाकर झा द्वारा ध्वजारोहण किया गया साथ ही विद्यार्थियों के द्वारा शिक्षकों का पुष्प-माला एवं पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया, तत्पश्चात गणतंत्रता दिवस की तैयारी में छात्राओं द्वारा रंगोली रचना तैयार की गई जिस पर प्राचार्य प्रभाकर झा एवं विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक एसके मिश्रा द्वारा स्काउट गाइड का निरीक्षण किया गया एवं परेड को सलामी दी गई। वहीं छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई